

विधानसभा चुनाव: असम, पुडुचेरी में रिकॉर्ड मतदान, केरल में 78 प्रतिशत से अधिक वोट पड़े पृष्ठ 7



सुविचार : दुख से ही सबसे प्रबल आत्माएं उभरती हैं; सबसे महान व्यक्तित्व घावों से ही विरक्त होते हैं।






# 'बंगाल की निर्मम सरकार' को सत्ता से हटाना जरूरी : मोदी

**कहा- नंदीग्राम की तरह भवानीपुर में भी इतिहास दोहराएगा, पूरा बंगाल परिवर्तन के रास्ते पर चल पड़ा हैं**

**प्रधानमंत्री ने 'निर्मम' तृणमूल कांग्रेस सरकार को बंगाल से हटाने की अपील की, छह गारंटी का वादा**

**बंगाल में ताबड़तोड़ तीन चुनावी रैलियों के जरिए पीएम ने भजापा के प्रचार अभियान को किया तेज**

**कोलकाता :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि अगर भाजपा विधानसभा चुनाव जीतती है तो पश्चिम बंगाल की जनता को छह गारंटी दी जाएंगी। साथ ही उन्होंने निर्मम तृणमूल कांग्रेस सरकार को हटाने की अपील की जो विकास की राह में राज्य को पीछे धकेल रही है।

पूर्वी मेदिनीपुर के हल्दिया में एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने वादा किया कि राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनने पर तृणमूल कांग्रेस के 'भय' के शासन को 'भरोसे' के शासन में बदला जायेगा, जबकि सभी लोक सेवकों को जनता के प्रति जवाबदेह बनाया जायेगा। मोदी ने कहा, भय का माहौल होने पर निवेश नहीं लाया जा सकता। यह तभी संभव है जब भरोसा हो, जो भाजपा बंगाल में सरकार बनाने के बाद लाएगी।

विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी का गढ़ माने जाने वाले हल्दिया में भाजपा उम्मीदवारों के लिए प्रचार करते हुए मोदी ने ममता बनर्जी प्रशासन को निर्मम सरकार कहकर संबोधित किया। विकास के मुद्दे पर तृणमूल सरकार पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा, देश प्रगति के पथ पर अग्रसर है, जबकि तृणमूल कांग्रेस की 'निर्मम सरकार' बंगाल को पीछे धकेल रही है। प्रधानमंत्री ने कहा, विकसित बंगाल बनाने के लिए यह जरूरी है कि पार्टी की 'निर्मम सरकार' को सत्ता से हटाया जाए।

मोदी ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस की सरकार राज्य में मछली की उच्च मांग के अनुरूप मछली उत्पादन करने में विफल रही है। उन्होंने कहा, बंगाल में मछली की मांग बहुत अधिक है, फिर भी यह अन्य राज्यों से मछली आयात करता है। पिछले 15 वर्षों में, तृणमूल कांग्रेस की सरकार ने मछली की आपूर्ति बढ़ाने और मछली उत्पादन में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। मोदी ने पश्चिम बंगाल की जनता को आश्वासन दिया कि भाजपा राज्य को मत्स्य पालन और समुद्री खाद्य क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाएगी। साथ ही उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि केंद्र में भाजपा सरकार ने मछुआरों के कल्याण के लिए एक समर्पित मंत्रालय की स्थापना की है और उनके लिए रिकॉर्ड बजट आवंटित किया है। प्रधानमंत्री ने लोगों के लिए मोदी की छह गारंटियों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि राज्य में सत्ता में आने के बाद भाजपा तृणमूल कांग्रेस के 'भय' के शासन को 'भरोसे' के शासन में बदलेगी।

मोदी ने शासन प्रणाली में बदलाव लाने और लोक सेवकों को उनके कार्यों के लिए नागरिकों के प्रति जवाबदेह बनाने का संकल्प लिया, जो उनकी दूसरी गारंटी है। उन्होंने अपनी तीसरी गारंटी का जिक्र करते हुए कहा, भाजपा बंगाल में भ्रष्टाचार और महिलाओं के खिलाफ किए गए अपराधों से संबंधित उन सभी फाइल को फिर से खोलेगी, जिन्हें तृणमूल कांग्रेस ने दबा दिया है। चौथी गारंटी के बारे में उन्होंने कहा, भ्रष्टाचार में लिप्त सभी नेता जेल जाएंगे। तृणमूल कांग्रेस का कोई भी 'गुंडा' कानून के शिकंजे से नहीं बच सकता। भारत में कानूनी रूप से शरण लेने वाले सभी शरणार्थियों को सरकारी सुविधाओं और योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने का वादा करते हुए, मोदी ने कहा कि घुसपैठियों को इस देश में रहने की अनुमति नहीं दी जाएगी। प्रधानमंत्री ने अपनी अंतिम गारंटी के बारे में कहा, राज्य में भाजपा की सरकार बनने के बाद हम राज्य के कर्मचारियों, शिक्षकों और संबंधित क्षेत्रों में काम करने वालों के लिए 7वें वेतन आयोग को लागू करेंगे।



### मोदी ने बंगाल के लोगों को दी छह गारंटी

**1. टीएमसी के भय की जगह भाजपा भरोसा कायम करेगी।**

**2. सरकारी सिस्टम जनता के लिए जवाबदेह होगा।**

**3. हर घोटाले, दुर्नीति, भ्रष्टाचार और बहन- बेटियों के साथ हुए अन्याय की फाइलें खुलेंगी।**

**4. मंत्री हो या संतरी- भ्रष्टाचार करने वालों को जेल भेजेंगे।**

**5. टीएमसी का कोई गुंडा नहीं बचेगा। घुसपैठियों को खोज- खोज कर खदेड़ा जाएगा।**

**6. सरकारी कर्मचारियों को सातवें वेतन आयोग का लाभ दिया जाएगा।**

# ममता बनर्जी का आरोप: 90 लाख मतदाताओं के नाम हटाए गए, भाजपा पर साधा निशाना

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी ने राज्य में सत्ता हासिल करने के उद्देश्य से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दौरान 90 लाख से अधिक लोगों के नाम हटा दिए हैं। उन्होंने दावा किया कि इसके बावजूद तृणमूल कांग्रेस आगामी विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज करेगी। उत्तर 24 परगना जिले के मिनाखां में एक जनसभा को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि उनकी पार्टी हटाए गए मतदाताओं के नाम दोबारा सूची में शामिल कराने के लिए न्यायालय का दरवाजा खटखटाएगी। उन्होंने कहा, आपने बंगाल में सत्ता पाने के लिए 90 लाख लोगों के नाम हटा दिए, लेकिन जीत हमारी ही होगी। मुख्यमंत्री ने इस चुनाव को बंगाल के अस्तित्व और लोगों के अधिकारों की लड़ाई करार दिया। उन्होंने मतदाताओं से सतर्क रहने और अपने अधिकारों की रक्षा के लिए सक्रिय रूप से मतदान में भाग लेने की अपील भी की। ममता बनर्जी ने यह भी आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी शासित राज्यों में बंगाली भाषा बोलने वालों को परेशान किया जाता है। उन्होंने दावा किया कि बंगाली भाषा को विदेशी बताया जा रहा है और इसे बोलने वालों को घुसपैठिया कहा जा रहा है। जिले के ही पालता में आयोजित एक अन्य सभा में उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा अपनी रैलियों में भीड़ जुटाने के लिए लोगों को 500 रुपये दे रही है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगस्त 2026 से भाजपा का पतन शुरू हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा बंगाल को तीन हिस्सों में बांटने के लिए परिसीमन विधेयक लाने की कोशिश कर रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का नाम लिए बिना उन्हें मोटा भाई कहकर संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने उन पर जांच एजेंसियों के माध्यम से लोगों को डराने का आरोप लगाया। उन्होंने दोहराया कि तृणमूल कांग्रेस मतदाताओं के अधिकारों और राज्य की चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता की रक्षा के लिए राजनीतिक और कानूनी दोनों स्तरों पर संघर्ष जारी रखेगी।



## भारतीय पोत 15,400 टन एलपीजी लेकर नवी मुंबई के जेएनपीए पहुंचा



**ठाणे :** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच भारतीय ध्वज वाला एक पोत होर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित रूप से पार कर 15,400 टन एलपीजी के साथ नवी मुंबई स्थित जवाहरलाल नेहरू पत्तन प्राधिकरण (जेएनपीए) पहुंच गया है। जेएनपीए ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पत्तन प्राधिकरण ने एक विज्ञप्ति में कहा, जेएनपीए ने भारतीय ध्वज वाले एलपीजी पोत 'ग्रीन आशा' का आज स्वागत किया। इस पोत ने होर्मुज जलडमरूमध्य को सफलतापूर्वक पार किया और बीपीसीएल-आईओसीएल द्वारा संचालित जेएनपीए के 'लिक्विड बर्थ' पर लंगर डाला। विज्ञप्ति के अनुसार, यह घटनाक्रम अहम है क्योंकि युद्ध शुरू होने के बाद से होर्मुज जलडमरूमध्य पार कर जेएनपीए पहुंचने वाला यह पहला ऐसा पोत है। पोत 15,400 टन एलपीजी लेकर पहुंचा।




## संघर्षरत पक्षों की इच्छाशक्ति से दूर होगा मानवीय संकट

तमाम किंतु-परंतुओं के बावजूद अमेरिका और ईरान के बीच दो सप्ताह के युद्धविराम की घोषणा से दुनिया को उस युद्ध से राहत मिली है, जिसने संघर्षरत पक्षों के अलावा पूरी दुनिया के लोगों के जीवन यापन को गहरे तक प्रभावित किया। निस्संदेह इस युद्ध ने पश्चिम एशिया के रणनीतिक परिदृश्य को पूरी तरह से बदलने के साथ ही वैश्विक कूटनीति पर असर डाला है। एक माह से अधिक समय तक चले इस युद्ध में विनाशकारी हवाई हमलों, होर्मुज जलडमरूमध्य की प्रभावी नाकाबंदी और सभ्यता के विनाश के खतरों के बाद अब एक अस्थायी विराम ने पूरी दुनिया को राहत दी है। युद्ध भले ही अमेरिका-इस्राइल और ईरान के बीच लड़ा जा रहा था, लेकिन इसने दुनिया के तमाम देशों के नागरिकों, वैश्विक बाजारों और ऊर्जा पर निर्भर अर्थव्यवस्थाओं को गहरे तक प्रभावित किया। उनके लिये अस्थायी युद्ध विराम होना निस्संदेह राहतकारी खबर है। लेकिन इसके बावजूद हकीकत यह है कि इस नाजुक शांति के पीछे कई चिंताजनक सच्चाइयां छिपी हैं। यह सर्वविदित है कि जिन उद्देश्यों को लेकर अमेरिका-इस्राइल ने यह युद्ध शुरू किया था, वे कहीं से पूरे होते नजर नहीं आते। वह बात अलग है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बार-बार लक्ष्य पूरे होने की दलील देते रहते हैं। वहीं ईरान भी युद्ध विराम को अपनी सफलता के रूप में दर्शा रहा है। दरअसल, डोनाल्ड ट्रंप इस युद्धविराम को अमेरिकी सैन्य प्रभुत्व के प्रमाण और ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षाओं को खत्म करने के रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर ईरान इसे अपनी एक रणनीतिक जीत बताता है। उसकी दलील है कि उसने दुनिया की सुपरपॉवर अमेरिका व आक्रामक इस्राइल की सेनाओं के हमलों का अकेले ही मुकाबला किया और वैश्विक तेल आपूर्ति पर अपने प्रभाव को प्रदर्शित किया है। ऐसे में कूटनीति के जानकार आशंका जता रहे हैं कि ये परस्पर विरोधी बयानबाजी स्थायी शांति की दिशा में एक कारगर कदम नहीं, बल्कि महज रणनीति में बदलाव का संकेत है।

मौजूदा परिदृश्य व लगातार संवेदनशील घटनाक्रमों के बीच कहना मुश्किल है कि यह युद्धविराम किसी तार्किक परिणति तक पहुंचेगा। कहा नहीं जा सकता कि युद्धविराम के बावजूद इस्राइल पड़ोसी देशों पर हमले रोकेगा। वह कह रहा है कि लेबनान पर उसके हमले जारी रहेंगे। वहीं पाकिस्तान की तरफ से कहा जा रहा है कि समझौते के प्रारूप में लेबनान पर इस्राइल के हमले रोकना भी शामिल है। एक तरफ अमेरिकी राष्ट्रपति की 'पल-पल, क्षण-क्षण' बदलती बयानबाजी और दूसरी ओर इस्राइल की आक्रामक रणनीति स्थायी शांति के मार्ग में संदेह के कांटे बोती नजर आती है। ईरान भी कह रहा है कि यदि उस पर इस्राइल के हमले जारी रहते हैं तो वह सीमाओं से परे संघर्ष का विस्तार करेगा, जो निश्चित ही चिंता की बात है। युद्ध विराम की खबरों के बीच इस्राइल का लेबनान में हिजबुल्लाह को निशाना बनाना और हमले में नागरिकों के घायल होने की खबरों ने दुनिया की चिंता को बढ़ाया है। इस्राइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू का यह बयान कि लेबनान में संघर्ष का मोर्चा सक्रिय रहेगा, युद्धविराम की सीमाओं को ही दर्शाता है। अमेरिका-ईरान युद्ध के समांतर संघर्षों को नजरअंदाज करने वाला यह युद्धविराम टिकाऊ होगा, इसमें संदेह व्यक्त किया जा रहा है। इस युद्ध के बाद पाकिस्तान के प्रमुख मध्यस्थ के रूप में उभरने के बीच युद्धविराम की शर्तों की परस्पर विरोधी व्याख्याएं चिंता बढ़ाने वाली हैं। विशेष रूप से यूरेनियम संवर्धन और होर्मुज जलडमरूमध्य पर नियंत्रण के संबंध में, एक साझा ढांचे की कमी को ही उजागर करती है। आशंका जतायी जा रही है कि युद्ध विराम को लेकर स्पष्टता का अभाव, मामूली उल्लंघन भी समझौते को विफल कर सकते हैं। सही मायनों में देखा जाए तो यह युद्धविराम संघर्षरत पक्षों के इरादे की परीक्षा भी है। निस्संदेह, मौजूदा स्थिति वार्ताओं के लिये एक सीमित अवसर प्रदान करती है। यह भी स्पष्ट करती है कि उपलब्धियां कितनी जल्दी खोई जा सकती हैं। आशंका जतायी जा रही है कि यदि इस्लामाबाद में प्रस्तावित वार्ताएं दोनों के पक्षों के बीच जारी मतभेदों की खाई को पाटने में विफल रहती हैं तो जल्द ही क्षेत्र में युद्ध के बादल फिर से मंडरा सकते हैं।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 10 अप्रैल, शुक्रवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2083, वैशाख कृष्णपक्ष अष्टमी, 23:13 तक, नक्षत्र : पूर्वाषाढ़ा, 11:17 तक, योग : शिव, 18:20 तक, सूर्योदय: 05:21, सूर्यास्त: 17:54, चन्द्रोदय : 00:21, चन्द्रास्त: 11:08, शक सम्वतः 1948 पराभव, सूर्य राशि : मीन, चन्द्र राशि : धनु, राहू काल : 10:04 से 11:38

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए थोड़ी सावधानी और धैर्य मांगने वाला रहेगा। बिजनेस में नुकसान होने की संभावना है, इसलिए किसी पुरानी गलती से सीख लेकर ही आगे बढ़ें।

**वृष :** आज आय और व्यय में संतुलन बनाना जरूरी रहेगा। किसी सहयोगी की बात आपको चुभ सकती है, लेकिन उसे दिल पर न लें। विद्यार्थी पढ़ाई में पूरी लगन से जुटेंगे।

**मिथुन :** आज पैतृक संपत्ति मिलने की संभावना है। बिजनेस में अगर समस्याएं थीं तो भाइयों से बात कर समाधान निकाल सकते हैं। किसी से लिया गया धन अब लौटाने का समय है।

**कर्क :** आज का दिन सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। गलत तरीके से धन कमाने से बचें और पिताजी द्वारा दी गई जिम्मेदारी में लापरवाही न करें।

**सिंह :** आज का दिन मिश्रित परिणाम लेकर आएगा। दूसरों के मामलों में बेवजह बोलने से बचें। लंबे समय से रुका काम पूरा हो सकता है। संतान पढ़ाई में भटकेगी, जिससे थोड़ी परेशानी होगी।

**कन्या :** आज दिन मिलाजुला रहेगा। जीवनसाथी के साथ तालमेल अच्छा रहेगा और उनके कार्य क्षेत्र में प्रमोशन के संकेत हैं। पार्टनरशिप में कोई काम करने के मौके मिलेंगे।

**तुला :** आज वाहन चलाते समय सतर्कता बरतें, अचानक खराबी से खर्च बढ़ सकता है। लिए गए निर्णय पर पछतावा हो सकता है। संतान पढ़ाई के लिए बाहर जा सकती है।

**वृश्चिक :** बुनियाद के भाव में बुधदेव की स्थिति का मतलब है कि आपकी आंतरिक प्रणालियां और होम-ऑफिस सेटअप अब आपके सबसे मजबूत उपकरण हैं।

**धनु :** आज दिन मौज-मस्ती और खुशी लेकर आएगा। भाई-बहनों का पूरा सहयोग मिलेगा। धन-धान्य में वृद्धि होगी और रुके हुए काम आसानी से पूरे होंगे। मित्रों से बिजनेस पर बातचीत होगी।

**मकर :** आज स्वास्थ्य के लिहाज से कमजोर रह सकते हैं। उतार-चढ़ाव आएंगे, लेकिन काम और सेहत दोनों पर ध्यान देना जरूरी है। सामाजिक आयोजनों में जुड़कर नाम कमाने का मौका मिलेगा।

**कुम्भ :** आज का दिन बाकी दिनों से बेहतर रहेगा। कई काम एक साथ हाथ लगेंगे और इनसे धन कमाने के मौके भी मिलेंगे। इन्कम बढ़ाने के स्रोतों पर ध्यान देना जरूरी है।

**मीन :** आज मन कई कामों में बंटा रहेगा, जिससे काम लटक सकते हैं और घर में समस्याएं उठ सकती हैं। अपने आसपास के लोगों को पहचान कर ही आगे बढ़ें।

# होम्योपैथी : सूक्ष्मता की शक्ति, स्वास्थ्य की व्यापकता

## स्वास्थ्य में संतुलन का विज्ञान है होम्योपैथी का दर्शन



**योगेश कुमार गोयल**

प्रतिवर्ष 10 अप्रैल को 'होम्योपैथी' के जनक माने जाने वाले जर्मन मूल के चिकित्सक, महान विद्वान, शोधकर्ता, भाषाविद और उत्कृष्ट वैज्ञानिक डा. क्रिश्चियन फ्रेडरिक सैमुअल हैनीमैन के जन्मदिवस के अवसर पर 'विश्व होम्योपैथी दिवस' मनाया जाता है। होम्योपैथी को आधार बनाने के सिद्धांत से चिकित्सा विज्ञान की एक पूरी प्रणाली को प्राप्त करने का श्रेय डा. हैनीमैन को ही जाता है। इसीलिए उनके जन्मदिवस को 'विश्व होम्योपैथी दिवस' के रूप में मनाया जाता है। इस दिवस के आयोजन का उद्देश्य चिकित्सा की इस अलग प्रणाली के बारे में लोगों में जागरूकता पैदा करने के साथ-साथ प्रत्येक व्यक्ति तक इसकी पहुंच की सफलता दर को आसानी से बेहतर बनाना है। 10 अप्रैल 1755 को जन्मे डा. हैनीमैन के पास एमडी की डिग्री थी लेकिन उन्होंने बाद में अनुवादक के रूप में कार्य करने के लिए अपनी नौकरी छोड़ दी थी। उसके बाद उन्होंने अंग्रेजी, फ्रांसीसी, इतालवी, ग्रीक, लैटिन इत्यादि कई भाषाओं में चिकित्सा, वैज्ञानिक पाठ्यपुस्तकों को सीखा। होम्योपैथी एक ऐसी चिकित्सा पद्धति है, जो औषधियों तथा उनके अनुप्रयोग पर आधारित है।

देश में प्रतिवर्ष केन्द्रीय आयुष मंत्रालय होम्योपैथी दिवस की थीम निर्धारित करता है और देशभर में यह विशेष दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष विश्व होम्योपैथी दिवस 'सतत स्वास्थ्य के लिए होम्योपैथी' विषय के साथ मनाया जा रहा है। विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर इस वर्ष डा. हैनीमैन की 271वीं जयंती मनाई जा रही है। इस दिवस के आयोजन का प्रमुख उद्देश्य भारत सहित दुनियाभर में होम्योपैथी औषधियों की सुरक्षा, गुणवत्ता और प्रभावकारिता को मजबूत करना, होम्योपैथी को आगे ले जाने की चुनौतियों और भविष्य की रणनीतियों को समझना, राष्ट्रीय नीतियों के विकास की रणनीति तैयार करना, अंतरपद्धति एवं अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान सहयोग, उच्चस्तरीय गुणवत्तापरक चिकित्सा शिक्षा, प्रमाण आधारित चिकित्सा कार्य और विभिन्न देशों में होम्योपैथी को स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं में समुचित स्थान दिलाकर सार्वभौमिक स्वास्थ्य के लक्ष्य को प्राप्त करना है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का भी मानना है कि वैकल्पिक और परम्परागत औषधियों को बढ़ावा दिए बगैर सार्वभौमिक स्वास्थ्य के लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया जा सकता और वैकल्पिक चिकित्सा पद्धतियों में विश्व में होम्योपैथी का प्रमुख स्थान है।

अपनी कुछ अलग ही विशेषताओं के कारण होम्योपैथी आज विश्वभर में सौ से भी अधिक देशों में अपनाई जा रही है तथा भारत तो होम्योपैथी के क्षेत्र में विश्व का अग्रणी देश है। दरअसल होम्योपैथी दवाओं को

**विश्व होम्योपैंथी दिवस (10 अप्रैंल) पर विशेष**



विभिन्न संक्रमित और गैर संक्रमित बीमारियों के अलावा बच्चों और महिलाओं की बीमारियों में भी विशेष रूप से प्रभावी माना जाता है। हालांकि होम्योपैथिक दवाओं के बारे में धारणा है कि इन दवाओं का असर रोगी पर धीरे-धीरे होता है लेकिन इस चिकित्सा प्रणाली की सबसे बड़ी विशेषता यही है कि यह रोगों को जड़ से दूर करती है और इन दवाओं के साइड इफेक्ट भी नहीं के बराबर होते हैं। होम्योपैथी दवाएं प्रत्येक व्यक्ति पर अलग तरीके से काम करती है और अलग-अलग व्यक्तियों पर इनका असर भी अलग ही होता है। होम्योपैथी चिकित्सकों की मानें तो डायरिया, सर्दी-जुकाम, बुखार जैसी बीमारियों में होम्योपैथी दवाएं एलोपैथी दवाओं की ही भांति तीव्रता से काम करती हैं लेकिन अस्थमा, गठिया, त्वचा रोगों इत्यादि को ठीक करने में ये दवाएं काफी समय तो लेती हैं मगर इन रोगों को जड़ से खत्म कर देती हैं। होम्योपैथी के बारे में सरदार वल्लभभाई पटेल का कहना था कि होम्योपैथी को चमत्कार के रूप में माना जाता है।

केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद के अनुसार चिकित्सा का ही एक वैकल्पिक रूप है होम्योपैथी, जो 'समः समम् शमयति' अथवा 'समरूपता' दवा सिद्धांत पर आधारित है, जो दवाओं द्वारा रोगी का उपचार करने की ऐसी विधि है, जिसमें किसी स्वस्थ व्यक्ति में प्राकृतिक रोग का अनुरूपण करके समान लक्षण उत्पन्न किया जाता है, जिससे रोगग्रस्त व्यक्ति का उपचार किया जा सकता है। भारत में होम्योपैथी सबसे लोकप्रिय चिकित्सा प्रणालियों में से एक है। देशभर में 210 से ज्यादा होम्योपैथी अस्पताल, 8 हजार से ज्यादा होम्योपैथी डिस्पेंसरी और करीब तीन लाख होम्योपैथी प्रैक्टिशनर हैं। भारत में आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में विश्व होम्योपैथी दिवस मनाया जाता है। दिखने में भले ही होम्योपैथी दवाएं एक जैसी लगती हैं किन्तु वास्तव में विश्वभर में होम्योपैथी की 4000 से भी ज्यादा तरह की दवाएं हैं। होम्योपैथी के संस्थापक माने जाने वाले सैमुअल हैनीमैन का कहना था कि इलाज का उच्चतम आदर्श सबसे भरोसेमंद और कम से कम हानिकारक तरीके से स्वास्थ्य की तेज, कोमल और स्थायी बहाली है।

चूंकि होम्योपैथी की अनेक दवाओं का प्रभाव रोगी के शरीर पर अपेक्षाकृत धीमी गति से प्रकट होता है जबकि एलोपैथी त्वरित राहत देने के लिए जानी जाती है, इसलिए लोकप्रियता के पैमाने पर दोनों पद्धतियों की तुलना अक्सर की जाती है। फिर भी यह तथ्य महत्वपूर्ण है कि होम्योपैथी आज भी विश्वभर में सबसे अधिक प्रचलित वैकल्पिक चिकित्सा प्रणालियों में शामिल है। इसका कारण केवल इसकी सुलभता या कम लागत नहीं बल्कि इसकी वह विशिष्ट उपचार पद्धति है, जो शरीर को स्वयं को संतुलित और स्वस्थ करने की दिशा में प्रेरित करती है। होम्योपैथिक उपचार रोग के लक्षणों को दबाने के बजाय उसके मूल कारण तक पहुंचने का प्रयास करता है, जिससे रोग की पुनरावृत्ति की संभावना भी कम हो जाती है। यह पद्धति व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक पहलुओं को एक साथ ध्यान में रखती है, जिससे उपचार अधिक समग्र और प्रभावी बनता है। साथ ही, प्राकृतिक स्रोतों से निर्मित और अत्यंत सूक्ष्म मात्रा में दी जाने वाली दवाएं सामान्यतः दुष्प्रभाव रहित मानी जाती हैं तथा अन्य दवाओं के साथ प्रतिकूल प्रतिक्रिया की संभावना भी न्यूनतम होती है। यही कारण है कि आज के जटिल और दुष्प्रभाव-प्रधान चिकित्सा परिवेश में होम्योपैथी एक सुरक्षित, संतुलित और दीर्घकालिक स्वास्थ्य समाधान के रूप में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रही है।

(लेखक 36 वर्षों से पत्रकारिता में सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार और 'सागर से अंतरिक्ष तक: भारत की रक्षा क्रांति' सहित कई पुस्तकों के लेखक हैं)

## विदेश की खबरें

## पाकिस्तान कड़ी सुरक्षा के बीच आज अमेरिका-ईरान वार्ता की मेजबानी करेगा

**इस्लामाबाद :** अमेरिका और ईरान के बीच शुक्रवार को उच्च-स्तरीय वार्ता की मेजबानी करने जा रहे पाकिस्तान ने राजधानी इस्लामाबाद में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। हालांकि, शीर्ष ईरानी नेतृत्व ने चेतावनी दी है कि लेबनान पर किए गए इजराइली हमले वार्ता को निरर्थक बना सकते हैं। अमेरिका और ईरान बुधवार को दो हफ्ते के लिए सशर्त युद्ध-विराम पर सहमत हो गए। इसके बाद, मतभेदों को सुलझाने और मौजूदा युद्ध-विराम को एक स्थायी शांति में तब्दील करने के लिए इस्लामाबाद में दोनों पक्षों के बीच बैठक होनी है। प्रस्तावित बातचीत से कुछ घंटे पहले, ईरानी



राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने कहा कि लेबनान पर इजराइल का हमला शुरुआती युद्ध-विराम का खुला उल्लंघन है और इससे बातचीत निरर्थक हो जाएगी। उन्होंने कहा, ''इस तरह के कदम धोखे और नियमों का पालन न करने का संकेत देते हैं, जिससे बातचीत का कोई मतलब नहीं रह जाता। हमारी ऊंगलियां ट्रिगर पर ही रहेंगी। ईरान अपने लेबनानी भाइयों और बहनों को कभी अकेला नहीं छोड़ेगा।'' पेजेश्कियन ने यह बात लेबनान में इजराइल के बड़े हमलों के एक दिन बाद कही, जिनमें 200 से ज्यादा लोग मारे गए और 1,000 से अधिक घायल हुए। इस बीच, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा कि सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मुलाकात की और क्षेत्र में स्थायी शांति हासिल करने के लिए पाकिस्तान के मध्यस्थता प्रयासों की प्रगति की समीक्षा की।

### लेबनान में हिजबुल्ला पर इजराइल के हमलों का कड़ा जवाब दिया जायेगा: ईरान

**दुबई :** ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बागेर कालिबाफ ने बृहस्पतिवार को चेतावनी दी कि यदि लेबनान में हिजबुल्ला पर इजराइल के हमले जारी रहे तो इसके ''स्पष्ट नतीजे सामने आयेंगे और कड़ा जवाब दिया जायेगा।'' कालिबाफ ने 'एक्स' पर एक संदेश में यह चेतावनी दी। उन्होंने अन्य ईरानी अधिकारियों की तरह इस बात पर जोर दिया कि दो सप्ताह का युद्धविराम लेबनान में भी लागू होता है, जिसे इजराइल और अमेरिका दोनों ने नकार दिया है। उन्होंने कहा, ''युद्धविराम उल्लंघन का स्पष्ट और कड़ा जवाब दिया जायेगा।'' कालिबाफ के नाम पर संभावित वार्ताकार के रूप में चर्चा हो रही है, जो इस सप्ताहांत पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस से मुलाकात कर सकते हैं।

### लेबनान में इजराइल के हमलों में 203 लोग मारे गए

**बेरुत :** लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि बुधवार को मध्य बेरुत और अन्य क्षेत्रों में इजराइल के हमलों में कम से कम 203 लोग मारे गए। मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि हमलों में 1,000 से अधिक लोग घायल हुए हैं। इजराइल और लेबनान के चरमपंथी समूह हिजबुल्ला के बीच युद्ध छिड़ने के बाद से पिछले पांच सप्ताह में बुधवार को सबसे ज्यादा लोग मारे गए। इजराइल की सेना ने कहा कि उसने हिजबुल्ला के ठिकानों को निशाना बनाया। हालांकि, बिना किसी चेतावनी के जिन इमारतों पर हमला किया गया, उनमें से कई घनी आबादी वाले व्यावसायिक और आवासीय क्षेत्रों में थीं, जिसके परिणामस्वरूप बड़े पैमाने पर नागरिक हताहत हुए। लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ औन ने इन हमलों को ''बर्बर'' करार दिया।

### ईरान की ओर से होर्मुज जलडमरूमध्य में समुद्री बारूदी सुरंगें बिछाए जाने के संकेत

**दुबई :** ईरान की अर्धसरकारी समाचार एजेंसियों ने बृहस्पतिवार को एक 'चार्ट' प्रकाशित किया जिससे संकेत मिला कि देश के अर्धसैनिक रिवोल्यूशनरी गार्ड ने युद्ध के दौरान होर्मुज जलडमरूमध्य में समुद्री सुरंगें बिछाई हैं। इसे ऐसे संदेश के तौर पर देखा जा रहा है जिसका मकसद अमेरिका पर दबाव बनाना है। यह चार्ट ऐसे समय में प्रकाशित हुआ है जब अमेरिका और इजराइल के साथ हुए दो सप्ताह के युद्धविराम को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। होर्मुज जलडमरूमध्य का चार्ट आईएसएनए और तस्नीम समाचार एजेंसी ने जारी किया जिसे रिवोल्यूशनरी गार्ड का करीबी माना जाता है। चार्ट में पोतों द्वारा उपयोग किए जाने वाले मार्ग 'ट्रैफिक से-परेशन स्कीम' पर फारसी भाषा में ''खतरे का क्षेत्र'' अंकित करते हुए एक बड़ा घेरा दिखाया गया है। इसी क्षेत्र में रिवोल्यूशनरी गार्ड द्वारा कथित तौर पर बारूदी सुरंगें बिछाई गईं।

### हिजबुल्ला नेता के सहयोगी की मौत: इजराइल का दावा

**तेल अवीव :** इजराइल ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि लेबनान की राजधानी बेरूत पर बुधवार को किए गए उसके भीषण हवाई हमलों में हिजबुल्ला प्रमुख नईम कासिम का एक सहयोगी मारा गया। इजराइल ने मारे गए व्यक्ति की पहचान कासिम के सचिव एवं रिश्तेदार अली यूसुफ हरशी के रूप में की है। हिजबुल्ला ने इस दावे पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

## अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच युद्धविराम से राहत, पर स्थायी शांति की राह लंबी और जटिल

**मेलबर्न :** अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच प्रस्तावित दो सप्ताह का युद्ध विराम होने से अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने राहत की सांस ली है। इससे कुछ ही घंटे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ईरान को पाषाण युग में पहुंचाने और उसकी सभ्यता नष्ट करने की धमकी ने व्यापक चिंता पैदा कर दी थी। ट्रंप के अनुसार, यह युद्धविराम ईरान के साथ दीर्घकालिक शांति के लिए एक निर्णायक समझौते की दिशा में बातचीत का अवसर प्रदान करता है। हालांकि, अंतिम समाधान की राह जटिल और उतार-चढ़ाव भरी रहने की संभावना है, भले ही यह असंभव न हो।

**दुश्मन को कम आंकना**

छह सप्ताह तक चले संघर्ष की शुरुआत 28 फरवरी को अमेरिका-इजराइल के संयुक्त हमलों और ईरान की जवाबी कार्रवाई से हुई और इस संघर्ष में तीनों पक्षों ने एक-दूसरे को गंभीर नुकसान पहुंचाया। तेहरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य बंद किए जाने से वैश्विक तेल, गैस और महंगाई का संकट गहरा गया। ट्रंप को शुरु में उम्मीद थी कि अमेरिका और इजराइल की संयुक्त सैन्य ताकत तेजी से जीत हासिल कर लेगी और ईरान सरकार को झुकने पर मजबूर कर देगी। लेकिन ईरान अपेक्षा से अधिक मजबूत, संगठित और रणनीतिक रूप से सक्षम साबित हुआ। उसने फारस की खाड़ी और इजराइल में अमेरिकी ठिकानों को निशाना बनाया और जलडमरूमध्य बंद कर दबाव बनाया। इस बीच, ट्रंप अपने सहयोगी देशों से अपेक्षित समर्थन हासिल नहीं कर सके। कई देशों ने इस युद्ध को अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के खिलाफ मानते हुए इसमें भागीदारी से इनकार कर दिया।

**बढ़ती लागत**

अमेरिका के वैश्विक प्रतिद्वंद्वी रूस और चीन ने भी युद्ध का विरोध किया और तनाव कम करने की अपील की। संघर्ष के विस्तार के साथ इजराइल ने लेबनान में हिज़बुल्ला के खिलाफ अभियान तेज कर दिया। युद्ध की लागत तेजी से बढ़ी। अमेरिका के लिए इसका खर्च प्रतिदिन करीब एक अरब डॉलर तक पहुंच गया, जिससे पहले से ही भारी संघीय कर्ज में और इजाफा हुआ।

## नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री ओली व पूर्व गृह मंत्री लेखक जमानत पर रिहा

**काठमांडू :** नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली और पूर्व गृह मंत्री रमेश लेखक को बृहस्पतिवार को निजी मुचलके पर जमानत पर रिहा कर दिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी) के अध्यक्ष ओली और नेपाली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता लेखक को पिछले साल आठ और नौ सितंबर को हुए 'जेन जेड' आंदोलन को दबाने में कथित संलिप्तता के लिए पिछले महीने गिरफ्तार किया गया था। इस आंदोलन के दौरान 76 लोग मारे गये थे। 'जेन जेड' उस पीढ़ी को कहा



जाता है जो 1997 से 2012 के बीच पैदा हुई है। उच्चतम न्यायालय की एक संयुक्त पीठ ने सोमवार को अधिकारियों को आदेश दिया कि वे ओली और लेखक के खिलाफ जांच बृहस्पतिवार तक पूरी करें या उन्हें हिरासत से रिहा कर दें।

## वर्ग पहेली नं. 3405

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | ■ | 4 | | 5 | ■ |
| | ■ | 6 | | | | | ■ | 7 | 8 |
| 9 | | | ■ | | ■ | ■ | 10 | ■ | |
| | ■ | | ■ | 11 | | | | 12 | |
| ■ | 13 | | | | ■ | ■ | 14 | | ■ |
| 15 | | | ■ | ■ | 16 | 17 | | ■ | 18 |
| 19 | | ■ | 20 | 21 | | | ■ | 22 | |
| | ■ | 23 | ■ | | ■ | 24 | 25 | | ■ |
| 26 | | | | | | ■ | 27 | | |

*बायें से दायें:-* 1) बहती धारा, 4) पान मसाला, 6) परिस्थिति; पर्यावरण, 7) साहस, 9) वास्तव में, 11) ऊल-जलूल काम करनेवाली अवस्था जो *16* से *25* साल तक मानी गई है, 13) पीलवान, 14) तीर, 15) गूदा; दिमाग़, 16) ख़िजाब, 19) गीला; आर्द्रतायुक्त, 20) उथलपुथल, 22) तुरंत, 24) प्रमुख; मुखिया, 26) डरावना, 27) धीरज.

*ऊपर से नीचे:-* 1) आरोपित व्यक्ति, 2) वायुयान, 3) सत्कार, 4) हुनर, 5) विभाग, 8) एक संख्या, 10) गपबाज़ी, 12) वस्त्र, 13) एक जलचर, 15) मतांतर 16) बाल, 17) सुंदर स्त्री, 18) मोहलत, 21) चुपड़ना, 22) बेलन का साथी, 23) डंक, 25) ऐसा हो (तो).

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | ■ | त | मा | म | ■ | भा | ग्य | वा | न |
| द | ■ | ना | ■ | स | दे | व | ■ | य | ■ |
| य | था | व | त | ■ | ■ | ता | बे | दा | र |
| पु | ■ | ■ | ह | म | ला | व | र | ■ | वि |
| र | ह | म | त | ■ | ड़ | ■ | ■ | सि | वा |
| ■ | ल | ■ | ■ | प | ला | य | न | ■ | स |
| ■ | का | म | गा | र | ■ | ■ | स | सु | र |
| ख़ू | ■ | खौ | ■ | वा | य | व्य | ■ | दे | ■ |
| ब | ग़ | ल | ■ | ना | ■ | य | हाँ | व | हाँ |

## सुडोकू-पहेली-3363

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 9 | | | 4 | 2 |
| 8 | | | | | | | | |
| | 2 | 1 | | | | | | 5 |
| 6 | | | 5 | | | | | |
| | | | | 2 | 1 | 6 | | |
| | | 9 | | 6 | | | 8 | |
| | 3 | 2 | | | 9 | | | |
| | | 7 | | 5 | | | | |
| | 5 | | | | | 1 | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3362 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 8 | 7 | 6 | 5 | 4 | 9 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 1 | 9 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 2 | 1 | 5 | 3 | 6 | 7 | 8 |
| 3 | 7 | 8 | 9 | 6 | 4 | 1 | 2 | 5 |
| 6 | 5 | 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 8 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 7 |
| 2 | 3 | 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 6 | 4 |
| 5 | 9 | 4 | 6 | 8 | 7 | 2 | 3 | 1 |

# तृणमूल का नारा 'मां-माटी-मानुष' खोखला बयान बनकर रह गया है : प्रधानमंत्री

## बंगाल में अराजकता और घुसपैठ को लेकर टीएमसी पर साधा निशाना




**सूरी/कोलकाता :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर अराजकता फैलाने और 2022 के बोगतुई नरसंहार का जिक्र करते हुए 'महाजंगल राज' फैलाने का आरोप लगाया, जिसमें बीरभूम जिले में लगभग 10 महिलाओं और बच्चों को जिंदा जला दिया गया था। प्रधानमंत्री मोदी जिला मुख्यालय सूरी में एक चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। भाजपा के घुसपैठ के मुद्दे को और धार देते हुए उन्होंने पिछले सप्ताह मालदा में न्यायिक अधिकारियों के घेराव का हवाला देकर ममता बनर्जी प्रशासन की आलोचना की और देश को अवैध घुसपैठियों से मुक्त कराने के अपने दृढ़ संकल्प को दोहराया। मोदी ने घोषणा की, मैं आज आपके समक्ष यह वादा करने के लिए खड़ा हूं: इन चुनावों के बाद सत्ता परिवर्तन होते ही, मैं इस राज्य में घुसपैठ के सूत्रधारों के खिलाफ विशेष जांच शुरू करूंगा और उन्हें सलाखों के पीछे डालूंगा। उन्होंने कहा, तृणमूल कांग्रेस का नारा 'मां-माटी-मानुष' खोखला बयान बनकर रह गया है। जहां एक ओर 'मां' रो रही है और 'मानुष' टीएमसी शासन के गुंडों के डर से कांप रहा है, वहीं दूसरी ओर मौजूदा सरकार के तहत घुसपैठियों द्वारा भूमि अतिक्रमण खतरनाक स्तर तक पहुंच गया है। प्रधानमंत्री के भाषण स्थल से कुछ ही दूरी पर स्थित रामपुरहाट में हुए बोगतुई हत्याकांड का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि यह घटना टीएमसी के महाजंगल राज का प्रमाण है, जो सिंडिकेट, माफिया और भ्रष्ट नेताओं के अपवित्र गठजोड़ पर फलता-फूलता है। मोदी ने कहा, पश्चिम बंगाल में कुटीर उद्योग का पतन हो रहा है, जबकि टीएमसी ने कच्चे बम बनाने को एक कुटीर उद्योग में बदल दिया है।

उन्होंने कहा कि टीएमसी शासन के दौरान घुसपैठियों द्वारा भूमि हड़पने का सिलसिला खतरनाक स्तर तक पहुंच गया है। घुसपैठिए कम वेतन पर काम लेकर स्थानीय लोगों की नौकरियां छीन रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के बंगाल में सत्ता में आने के बाद इन्हें निर्वासित कर दिया जाएगा और इनके सहयोगियों को जेल भेजा जाएगा। उन्होंने कहा, मालदा घेराव के दौरान जो कुछ हुआ, उसे पूरे देश ने देखा है, जहां न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाया गया था। उन्होंने इस राज्य में आतंक का राज कायम कर दिया है, और इस समय लोगों को भय और धमकियों के उस माहौल से मुक्त करना सबसे जरूरी है।

प्रधानमंत्री ने बीरभूम को कई प्रतिष्ठित राष्ट्रीय हस्तियों की पवित्र भूमि बताया, जो प्रेरणा का निरंतर स्रोत रही है।

उन्होंने उल्लेख किया कि यह क्षेत्र कई आदिवासी समुदायों का घर है और इस क्षेत्र ने पड़ोसी झारखंड में अंग्रेजों के खिलाफ 19वीं शताब्दी के संथाल विद्रोह का प्रभाव महसूस किया था। उन्होंने कहा, बाउल गीतों की यह भूमि अब बदलाव की धुन गुनगुना रही है। मोदी ने टीएमसी पर आदिवासियों का अपमान करने का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने राष्ट्रपति को भी नहीं बख्शा, जो आदिवासी समुदाय का प्रतिनिधित्व करती हैं। टीएमसी पर मनरेगा कोष की चोरी का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री ने लोगों से भाजपा को चुनने का आग्रह किया। उन्होंने आरोप लगाया, माननीय राष्ट्रपति उत्तर बंगाल में आदिवासी समुदायों के एक कार्यक्रम में शामिल होने आई थीं। तृणमूल सरकार ने उन्हें अपेक्षित सम्मान नहीं दिया। टीएमसी पर मनरेगा कोष की चोरी का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री ने लोगों से भाजपा को चुनने का आग्रह किया। मोदी ने आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए गारंटीशुदा रोजगार और किसानों और मछुआरों को सहायता देने का वादा किया। उन्होंने कहा, हम बंगाल में 'वीबी-जी राम जी' योजना लागू करेंगे और लाभार्थियों के खातों में सीधे धन अंतरित करेंगे।

# प्रधानमंत्री मोदी मछली उत्पादन को लेकर तथ्यों को गलत तरीके से पेश कर रहे हैं : ममता

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस दावे पर पलटवार किया कि प्रदेश सरकार मछली उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने में विफल रही है और उन पर तथ्यों को गलत तरीके से पेश करने का आरोप लगाया। उत्तर 24 परगना जिले के अगरपारा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा शासित राज्यों में लोगों को मांसाहारी भोजन खाने की अनुमति नहीं है। टीएमसी सुप्रीमो ने कहा, मैंने सुना है कि आज उन्होंने (प्रधानमंत्री ने) कहा कि बंगाल में मछली का उत्पादन नहीं हो रहा है, जबकि बिहार में अधिक उत्पादन हो रहा है और निर्यात भी हो रहा है। लेकिन आप बिहार में लोगों को मछली खाने की अनुमति नहीं देते। यहां हम बाजारों से मछली खरीदते हैं और खाते हैं। बनर्जी ने कहा कि बंगाल पहले आंध्र प्रदेश से मछली मंगाता था, लेकिन अब यह बंद हो गया है, और उन्होंने मोदी से इन घटनाक्रमों पर नजर रखने का आग्रह किया। बनर्जी ने दावा किया, आप वही बोल रहे हैं जो आपकी पार्टी के लोग आपके कानों में फुसफुसा रहे हैं। आप राजस्थान, बिहार और उत्तर प्रदेश में लोगों को मछली, अंडे और मांस खाने नहीं दे रहे हैं। (ऐसी चीजों की) दुकानें बंद की जा रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने हल्दिया में एक जनसभा में अपने भाषण के दौरान आरोप लगाया कि टीएमसी सरकार राज्य में मछली की उच्च मांग के अनुरूप उत्पादन करने में विफल रही है। उन्होंने कहा, बंगाल अन्य राज्यों से मछली मंगाता है। पिछले 15 वर्षों में, टीएमसी सरकार ने मछली की आपूर्ति बढ़ाने और मछली उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए कोई सार्थक कदम नहीं उठाया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा राज्य में सत्ता में आने के बाद राज्य को मत्स्य पालन और समुद्री खाद्यसामग्री क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाएगी। बनर्जी ने कहा, आप (केंद्र सरकार) यहां से (बंगाल से) मांस निर्यात करते हैं। हम यहां से ओमान को बीफ निर्यात करते हैं। हम अपने तालाबों में मछली का उत्पादन करते हैं। मछली हर बाजार में उपलब्ध है... यहां के लोग अपनी पसंद के अनुसार खाने के लिए स्वतंत्र हैं। हम इसमें दखल नहीं देते। वहीं, भाजपा शासित राज्यों में लोगों को अंडे, मछली और मांस खाने की अनुमति नहीं है।


तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी ने बरानगर में डनलप से लेकर सिंथी तक टीएमसी उम्मीदवार सयंतिका बनर्जी के पक्ष में रैली की

# एसआइआर से कटे नाम पर तृणमूल का दावा, 63 प्रतिशत हिंदू नाम हटे

❑ भाजपा ने आंकड़ों के स्रोत पर उठाए सवाल

**कोलकाता :** बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण(एसआइआर) की प्रक्रिया पूरी होने के बाद मतदाता सूची से करीब 91 लाख नाम हटा दिए गए हैं। चुनाव आयोग ने इन नामों का धार्मिक विवरण सार्वजनिक नहीं किया है, लेकिन सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने संगठनात्मक स्तर पर गणना कर दावा किया है कि हटाए गए नामों में 63 प्रतिशत हिंदू हैं। तृणमूल के इस दावे ने भाजपा के लिए असहज स्थिति पैदा कर दी है।

तृणमूल के आंकड़ों के अनुसार, पहले चरण में हटाए गए 58 लाख नामों में 44 लाख हिंदू थे, जबकि मुस्लिम नामों की संख्या करीब 13.5 लाख थी। दूसरे चरण में कटे 5.5 लाख नामों में से 5.28 लाख हिंदू नाम थे। हालांकि, तीसरे चरण में हटाए गए 27 लाख नामों में मुस्लिम समुदाय की संख्या अधिक (17.5 लाख) रही। कुल मिलाकर, हिंदू-मुस्लिम नामों के कटने का अनुपात 2:1 का है।

तृणमूल प्रवक्ता अरूप चक्रवर्ती ने कहा कि घुसपैठियों और रोहिंग्याओं को खोजने के नाम पर भाजपा ने सभी को लाइन में खड़ा कर दिया, जिससे गरीब हिंदू भी प्रताड़ित हुए। दूसरी ओर, भाजपा प्रवक्ता राजर्षि लाहिड़ी ने आंकड़ों की सत्यता पर सवाल ही नहीं उठाया, बल्कि पूछा कि तृणमूल के पास यह गोपनीय डेटा आया कहां से? उन्होंने आशंका जताई कि टीएमसी समर्थक बीए-लओ ने यह जानकारी लीक की है। जानकारों का मानना है कि मतुआ बहुल क्षेत्रों में बड़ी संख्या में हिंदू नाम हटने से आगामी चुनावों में भाजपा के वोट बैंक पर असर पड़ सकता है।

# आरजी कर मामले की पीड़िता की मां रत्ना देबनाथ ने पानिहाटी से भरा नामांकन, महिला सुरक्षा को बनाया मुख्य मुद्दा

❑ पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी और अन्य नेता रहे मौजूद

**कोलकाता :** आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में बलात्कार-हत्या की शिकार महिला चिकित्सक की मां रत्ना देबनाथ ने गुरुवार को उत्तर 24 परगना जिले की पानिहाटी विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के दौरान उनके साथ पार्टी की वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी सहित जिले के कई प्रमुख नेता मौजूद रहे। नामांकन दाखिल करने के बाद संवाददाताओं से बातचीत में देबनाथ ने कहा कि उनका एकमात्र उद्देश्य पश्चिम बंगाल से तृणमूल कांग्रेस की सरकार को हटाना है। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं हो पा रही है और आरजी कर जैसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकना जरूरी है। उन्होंने कहा



कि यदि उन्हें जनता का समर्थन मिला तो वह महिलाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगी और राज्य में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए काम करेंगी। उल्लेखनीय है कि अगस्त 2024 में राज्य संचालित आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के एक बंद सेमिनार कक्ष में उनकी 26 वर्षीय बेटी का शव मिला था। इस घटना ने पूरे राज्य में व्यापक आक्रोश पैदा किया था। घटना के करीब डेढ़ वर्ष बाद देबनाथ ने अपने गृह क्षेत्र पानिहाटी से चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है। देबनाथ ने कहा कि वह अपनी बेटी के लिए न्याय और राज्य की सभी महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के संकल्प के साथ चुनाव मैदान में उतरी हैं।

# कोलकाता में आज भाजपा का चुनावी संकल्प पत्र जारी करेंगे अमित शाह

❑ पश्चिम मेदिनीपुर में जनसभा और खड़गपुर में रोड शो करेंगे शाह

**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज बंगाल विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कोलकाता में भारतीय जनता पार्टी का संकल्प पत्र (घोषणापत्र) जारी करेंगे। प्रदेश भाजपा सूत्रों के अनुसार, वह सुबह न्यूटाउन स्थित एक पांच सितारा होटल में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में इसे जारी करेंगे। इसके बाद, अमित शाह पश्चिम मेदिनीपुर जिले के देबरा में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। जनसभा के पश्चात वह खड़गपुर सदर सीट से उम्मीदवार और पार्टी के वरिष्ठ नेता दिलीप घोष के समर्थन में खड़गपुर शहर में रोड शो करेंगे। शाम को खड़गपुर में उनकी एक आंतरिक बैठक भी प्रस्तावित है। सूत्रों के मुताबिक, अपने दो दिवसीय बंगाल दौरे के तहत अमित शाह शनिवार को



भी दो जनसभाएं कर सकते हैं। इनमें एक बांकुड़ा के छातना और दूसरी पुरुलिया के बाघमुंडी में होने की संभावना है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। गौरतलब है कि अमित शाह पहले ही संकेत दे चुके हैं कि इस बार वह बंगाल चुनाव के दौरान लंबा समय राज्य में बिताएंगे। इससे पहले वह 2 अप्रैल को भवानीपुर में भाजपा उम्मीदवार और नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी के नामांकन में शामिल होने पहुंचे थे, जहां उन्होंने रोड शो का भी नेतृत्व किया था।

# अभिषेक बनर्जी ने रखा घाटाल-मेदिनीपुर की 15 सीटें जीतने का लक्ष्य

**कोलकाता :** आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने गुरुवार को खड़गपुर में एक रणनीतिक बैठक की। उन्होंने घाटाल और मेदिनीपुर संगठनात्मक जिलों के नेताओं के साथ अलग-अलग बैठक कर चुनावी तैयारियों की समीक्षा की।

शहर के एक होटल में हुई इस बैठक में अभिषेक बनर्जी ने लंबे समय से चले आ रहे गुटीय विवाद और मतभेदों को समाप्त कर एकजुट होकर चुनाव लड़ने का संदेश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पार्टी के पुराने और जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं का सम्मान करते हुए सभी को साथ लेकर चुनावी मैदान में उतरना होगा।




उन्होंने कार्यकर्ताओं से आपसी मतभेद भुलाकर भाईचारे के साथ काम करने का आह्वान किया।

बैठक में पूर्व और पश्चिम मेदिनिपुर जिलों के अध्यक्ष सुजय हाजरा और अजीत माइती, सांसद दीपक अधिकारी, जून मालिया तथा मानस भुइयां समेत अन्य नेता मौजूद थे।

उल्लेखनीय है कि 2021 के विधानसभा चुनाव में पश्चिम मेदिनीपुर जिले की 15 में से 13 सीटों पर तृणमूल कांग्रेस ने जीत दर्ज की थी। इस बार पार्टी ने घाटाल की सात और मेदिनीपुर की आठ सीटों सहित कुल 15 सीटें जीतने का लक्ष्य तय किया है।


पोर्ट विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी राकेश सिंह ने भरा नामांकन

### उत्तर हावड़ा सीट पर कांटे की टक्कर, हिंदी भाषी मतदाताओं पर टिकी नजर

**हावड़ा, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव को लेकर उत्तर हावड़ा सीट पर तृणमूल और भाजपा के बीच कांटे की टक्कर मानी जा रही है। इस सीट पर करीब 65 फीसदी हिंदी भाषी मतदाता हैं, जो किसी भी उम्मीदवार की जीत-हार में निर्णायक भूमिका निभाते रहे हैं। ऐसे में दोनों दलों ने इस वर्ग को अपने पक्ष में करने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। इसी क्रम में सोमवार को वार्ड नंबर 10 में तृणमूल कांग्रेस की पूर्व पार्षद व बोरो चेयरपर्सन मंजीत रफेल ने घर-घर जाकर जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने लोगों से मुलाकात कर तृणमूल प्रत्याशी गौतम चौधरी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। बताया जा रहा है कि वार्ड नंबर 10 उत्तर हावड़ा का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है, जहां लगभग 60 फीसदी मतदाता हिंदी भाषी हैं। ऐसे में यह वार्ड चुनावी समीकरण में अहम भूमिका निभा सकता है और दोनों प्रमुख दलों की नजरें इस क्षेत्र पर टिकी हुई हैं।

# भाजपा ने उठाए कानून-व्यवस्था और भ्रष्टाचार के मुद्दे, निष्पक्ष चुनाव की उठाई मांग

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल भाजपा के मुख्य प्रवक्ता एडवोकेट देबजीत सरकार ने गुरुवार को सॉल्टलेक स्थित भाजपा कार्यालय में पत्रकारों को संबोधित करते हुए राज्य की कानून-व्यवस्था, चुनावी सुरक्षा और भ्रष्टाचार के मुद्दों पर गंभीर चिंता व्यक्त की। अपने वक्तव्य में उन्होंने आरोप लगाया कि हाल ही में हुई एक जघन्य अपराध की घटना में साक्ष्यों को नष्ट करने का प्रयास किया गया और प्रशासन की भूमिका पर सवाल उठते हैं। देबजीत सरकार ने चुनाव से पहले केंद्रीय बलों को धमकी देने जैसी घटनाओं का उल्लेख करते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की।



भांगड़ क्षेत्र में बम बरामदगी की घटना का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने के लिए हथियार मुक्त वातावरण होना चाहिए और चुनाव आयोग को सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। सीएए (नागरिकता संशोधन अधिनियम) के संदर्भ में उन्होंने कहा कि भ्रामक प्रचार के कारण कई लोग आवेदन नहीं कर पाए और सभी पात्र व्यक्तियों से आवेदन करने का आह्वान किया। उन्होंने आरोप लगाया कि राजनीतिक वीडियो और बयान भ्रम फैलाने का माध्यम बन रहे हैं, जिनका निपटारा न्यायालय के जरिए होना चाहिए। भाजपा के सत्ता में आने पर कानून का शासन स्थापित करने, भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करने और शरणार्थियों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने का वादा किया गया।

# हल्दिया में मोदी की सभा से पहले भाजपा कार्यकर्ता का रक्तरंजित शव बरामद, हत्या का आरोप

❑ भाजपा का आरोप-टीएमसी से जुड़े असामाजिक तत्वों ने दिया घटना को अंजाम

**कोलकाता :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सभा से ठीक 24 घंटे पहले बंगाल के पूर्व मेदिनीपुर जिले के हल्दिया में एक भाजपा कार्यकर्ता का रक्तरंजित शव बरामद किया गया। मृतक की पहचान महादेव विश्वास के रूप में हुई है।

बुधवार को हल्दी नदी के किनारे उसका शव बरामद किया गया। बताया जा रहा है कि मंगलवार से ही वह लापता था। स्वजनों के अनुसार, उसकी पत्नी ने सबसे पहले नदी किनारे शव को देखा। मृतक के शरीर पर जख्म कई के निशान पाए गए हैं। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए और भवानीपुर थाने की पुलिस पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में



लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। महिषादल विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता बिश्वनाथ बंद्योपाध्याय ने आरोप लगाया है कि तृणमूल कांग्रेस से जुड़े असामाजिक तत्वों ने उनके कार्यकर्ता की हत्या की है। उन्होंने इस घटना की सीबीआइ जांच की मांग की है। वहीं, स्थानीय तृणमूल नेता सुमित्रा घोड़ाई ने भाजपा नेता के आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।


मीनाक्षी मुखर्जी, माकपा की उत्तरपाड़ा विधानसभा सीट से उम्मीदवार, गुरुवार को उत्तरपाड़ा के वार्ड संख्या 17 में पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार करती हुईं।

# टीएमसी ने भाजपा के साथ हुमायूं के गुप्त समझौते का लगाया आरोप, जारी किया वीडियो

❑ कथित वीडियो में 1000 करोड़ रुपये में सौदे की बात कही

❑ हुमायूं ने आरोपों को किया खारिज, कहा-एआइ सृजित वीडियो

**कोलकाता :** चुनावी माहौल के बीच सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने गुरुवार को इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित एक वीडियो के आधार पर भाजपा के साथ आम जनता उन्नयन पार्टी के अध्यक्ष हुमायूं कबीर के गुप्त समझौते के गंभीर आरोप लगाए। इस वीडियो में कबीर को कथित तौर पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से संबंध होने और आगामी विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को हराने की रणनीति बनाते हुए दिखाया गया है।

तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं



फिरहाद हकीम, अरूप विश्वास और कुणाल घोष ने प्रेस कांफ्रेस कर यह वीडियो साझा किया और मामले की जांच ईडी से कराने की मांग की। नेताओं ने आरोप लगाया कि कबीर विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा और प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) से संपर्क में थे तथा यह एक बहु-करोड़ की साजिश का हिस्सा है। वीडियो, जिसकी स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो पाई है, में कबीर कथित रूप से कहते सुनाई दे रहे हैं कि वह ममता बनर्जी को सत्ता से हटाने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं। इसमें यह भी दावा किया गया है कि उन्होंने भाजपा नेताओं के साथ मिलकर अल्पसंख्यक वोटों को तृणमूल कांग्रेस से दूर करने की रणनीति बनाई है, जिससे भाजपा को चुनावी फायदा हो सकता है। वीडियो में कथित तौर पर यह भी कहा गया है कि इस योजना के लिए 1000 करोड़ रुपये का सौदा हुआ है, जिसमें से 200 करोड़ रुपये अग्रिम के तौर पर मिले।

### हुमायूं कबीर ने बताया एआई से बना

हालांकि, हुमायूं कबीर ने इन सभी आरोपों को सिरे से खारिज किया है। उन्होंने वीडियो को एआइ सृजित बताते हुए इसे उनकी छवि खराब करने की साजिश करार दिया और कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि टीएमसी अगर इसे साबित कर दे तो वे सभी चुनावों से खुद को अलग कर लेंगे। दूसरी ओर भाजपा के प्रवक्ता देबजीत सरकार ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस को सत्ता खोने का डर सता रहा है, इसलिए इस तरह के आरोप लगाए जा रहे हैं।

# ममता को खेल के विकास से ज्यादा खेला होबे में अधिक रुचि है : नितिन नवीन

**मालदा :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने बृहस्पतिवार को कहा कि पश्चिम बंगाल खेल और उन अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों में पिछड़ गया है, जिनमें वह कभी देश का नेतृत्व करता था, क्योंकि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी 'खेला होबे' (राजनीतिक खेल) में अधिक रुचि रखती हैं।

फुटबॉल के दिग्गज खिलाड़ी लियोनेल मेसी के दिसंबर 2025 में कोलकाता के सॉल्ट लेक स्टेडियम में कार्यक्रम को लेकर हुए हंगामे की कड़ी आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि यह सब राजनीतिक स्वार्थपरता के कारण हुआ।

यहां खेल क्लबों और गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) के सदस्यों के साथ एक बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि पश्चिम बंगाल खेलों और अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों में पिछड़ गया है, जिनमें वह कभी देश में अग्रणी हुआ करता था, क्योंकि ''यहां की मुख्यमंत्री 'खेला होबे' (राजनीतिक खेल) में अधिक रुचि रखती हैं''।



'खेला होबे' नारे के लिए तृणमूल कांग्रेस सरकार की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा, 'उनके लिए खेल का मैदान राजनीतिक खेल का एक मैदान बन गया है।'

उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों को दंडित करने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा, गुजरात और बिहार जैसे राज्यों ने खेल गतिविधियों में जबरदस्त प्रगति की है।

नवीन ने कहा कि इस संस्कृति को खत्म करने के लिए, 'भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी से ग्रस्त तृणमूल कांग्रेस की सरकार को सत्ता से बेदखल करना होगा।'

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव 23 और 29 अप्रैल को होने हैं और मतगणना चार मई को होगी।

उन्होंने कहा, 'हमारी सरकार पश्चिम बंगाल में फुटबॉल के खेल को उसकी पुरानी प्रतिष्ठा वापस दिलाएगी।'

नवीन ने कहा, 'जब हम 'फिट इंडिया' आंदोलन की बात करते हैं, तो ममता दीदी इसमें भाग नहीं लेतीं क्योंकि वह भारत को 'नुकसान' पहुंचाना चाहती हैं... उन्हें बांग्लादेशी 'फिट' लगते हैं और वह उन्हें राज्य में बसाना चाहती हैं, लेकिन पश्चिम बंगाल के लोगों के लिए उनके मन में कोई भावना नहीं है।'

उन्होंने कहा, 'तृणमूल कांग्रेस सरकार दमन का एक आदर्श उदाहरण है और उसे विकास के मॉडल में कोई दिलचस्पी नहीं है।'

उन्होंने बताया कि छह हजार से अधिक कंपनियां पश्चिम बंगाल छोड़कर जा चुकी हैं और अगर ये कंपनियां राज्य में फली-फूली होतीं, तो खेल क्लबों को उनकी सीएसआर गतिविधियों से लाभ मिलता। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि पश्चिम बंगाल देश में खेल गतिविधियों में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए जाना जाता था, लेकिन राज्य के खेल क्लब अब जबरन वसूली के केंद्र बन गए हैं। उन्होंने कहा, ''जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने की अपील को पूरे देश में अपनाया गया, तब भी पश्चिम बंगाल इसमें पिछड़ता रहा।''

## भाजपा बंगाल की संस्कृति के विपरीत माने जाने वाले स्थानों के नाम बदलेगी : नवीन

**रायगंज : भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने बृहस्पतिवार को कहा कि यदि राज्य में भाजपा की सरकार बनती है, तो पश्चिम बंगाल की संस्कृति और मूल्यों के विपरीत माने जाने वाले स्थानों के नामों को बदला जाएगा। उत्तर दिनाजपुर जिले के चाकुलिया में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए नवीन ने कहा कि अलीपुरद्वार से लेकर इस्लामपुर तक राज्य के जिन स्थानों के नाम पश्चिम बंगाल की संस्कृति के विपरीत हैं, उन्हें भाजपा सरकार में ऐसे नहीं रहने दिया जाएगा। उन्होंने कहा, चार मई के बाद, इन स्थानों के नामों में बदलाव के साथ-साथ आपके जीवन में भी बदलाव आएंगे।**

## पैरागॉन ने महिलाओं के फुटवियर पर कैशबैक ऑफर लॉन्च किया

**कोलकाता :** फुटवियर ब्रांड पैरागॉन ने अपने महिला फुटवियर कलेक्शन पर एक विशेष कैशबैक ऑफर पेश किया है। यह पहल महिला उपभोक्ताओं के बीच खरीदारी को प्रोत्साहित करने और अपने आधुनिक व फैशनेबल स्टाइल्स को उन तक आसानी से पहुँचाने के उद्देश्य से शुरू की गई है। इस ऑफर के तहत, उपभोक्ताओं को एक सरल क्यू-आर कोड आधारित प्रक्रिया के माध्यम से 30 रुपए का सुनिश्चित इंस्टेंट कैशबैक प्राप्त होगा। पैरागॉन फुटवियर के मार्केटिंग और आईटी के एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट, सचिन जोसेफ़ ने कहा, महिलाओं के फुटवियर की कैटेगरी पैरागॉन के लिए एक अहम फ़ोकस वाला क्षेत्र है। ऐसे डिजाइन के साथ अपने पोर्टफ़ोलियो को मज़बूत कर रहे हैं, जिनमें स्टाइल, आराम और रोज़मर्रा के इस्तेमाल की ज़रूरतें एक साथ पूरी होती हैं।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री अबू हासेम खान चौधरी का निधन, राहूल और खरगे ने जताया शोक

**कोलकाता :** पूर्व केंद्रीय मंत्री अबू हासेम खान चौधरी का उम्र संबंधी बीमारियों के कारण कोलकाता में निधन हो गया। चौधरी के परिवार ने यह जानकारी दी।

'डालू' के नाम से लोकप्रिय चौधरी 89 साल के थे। उनके परिवार में पत्नी और बेटा ईशा खान चौधरी हैं। ईशा मालदा दक्षिण से कांग्रेस के सांसद हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री के निधन के साथ ही मालदा जिले की राजनीति के एक युग का अंत हो गया, जहां वह दशकों तक एक प्रमुख चेहरा रहे। कांग्रेस के दिग्गज नेता चौधरी लंबे समय से उम्र संबंधी कई बीमारियों से जूझ रहे थे। परिवार के अनुसार, बुधवार देर रात कोलकाता के एक निजी अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार बृहस्पतिवार को मालदा में किया जाएगा। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद ए एच खान चौधरी के निधन पर शोक व्यक्त किया। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व सांसद ए.एच. खान चौधरी जी के निधन से गहरा दुख हुआ। उन्होंने विनम्रता तथा अटूट प्रतिबद्धता के साथ मालदा और पश्चिम बंगाल के लोगों की सेवा की। उनकी सेवा की विरासत हमेशा लोगों के दिलों में जीवित रहेगी। उन्होंने कहा, ईशा खान चौधरी जी, उनके परिवार, मित्रों और समर्थकों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। वहीं, कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने चौधरी को सच्चा राजनेता करार देते हुए कहा कि उन्होंने अपना जीवन सार्वजनिक सेवा और कांग्रेस के आदर्शों के लिए समर्पित किया। उन्होंने कहा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री एबू हाशेम खान चौधरी के निधन से गहरा दुख हुआ। उन्होंने विशेष रूप से मालदा सहित पश्चिम बंगाल के लोगों के लिए अथक काम किया और समावेशी विकास, धर्मनिरपेक्षता तथा सामाजिक न्याय के मूल्यों को कायम रखा। इस बीच, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने भी शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत नेता के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। मालदा के प्रतिष्ठित खान चौधरी परिवार में 12 जनवरी, 1938 को जन्मे डालू चौधरी ने अपने बड़े भाई एबीए गनी खान चौधरी के मार्गदर्शन में राजनीति में कदम रखा। एबीए गनी खान चौधरी भी पूर्व केंद्रीय मंत्री रहे थे।

## हौसलों की साइकिल पर भारत यात्रा : 5700 किमी की दूरी तय कर कोलकाता पहुंचीं आशा मालवीय ने एनसीसी कैडेटों में भरा जोश

- **जयपुर से अरुणाचल प्रदेश तक 7,800 किलोमीटर लंबी साइकिल यात्रा पर हैं आशा**
- **कोलकाता पहुंचने पर एन-सीसी कैडेटों ने किया स्वागत, युवाओं में भरा जोश और जुनून**

**कोलकाता, समाज्ञा**

हजारों किलोमीटर की कठिन राह, बदलते मौसम, अनगिनत चुनौतियां- लेकिन हौसले बुलंद हों तो हर मंजिल करीब लगती है। इसी जज्बे की जीती-जागती मिसाल बनकर उभरी हैं आशा मालवीय, जिन्होंने अपनी साइकिल यात्रा के जरिए नारी शक्ति, देशभक्ति और अदम्य साहस का ऐसा संदेश दिया है, जिसने युवाओं के दिलों में नई ऊर्जा भर दी है।



78वें भारतीय सेना दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्तर की एथलीट, पर्वतारोही व साइक्लिस्ट आशा मालवीय ने 11 जनवरी 2026 को राजस्थान के जयपुर से 7,800 किलोमीटर लंबी देशव्यापी पूर्व-पश्चिम एकल साइकिल यात्रा की शुरुआत की थीं। इस सफर में वह राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड को पार करते हुए करीब 5,700 किलोमीटर की दूरी तय कर कोलकाता पहुंचीं, जहां गुरुवार को एनसीसी कैडेटों व अधिकारियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। 7,800 किमी में से अब तक वह लगभग 5,700 किलोमीटर की दूरी तय कर चुकी हैं, जबकि उनका अंतिम लक्ष्य चीन की सीमा से लगे अरुणाचल प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्र किबिथु तक पहुंचना है। इस प्रेरणादायक अभियान का उद्देश्य महिला सशक्तीकरण, देशभक्ति और अटूट साहस का संदेश देना है। कोलकाता में एनसीसी के बंगाल व सिक्किम निदेशालय में गुरुवार को उनके सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में एनसीसी कैडेटों को उनसे सीधे संवाद का अवसर मिला।



आसनसोल: नरेंद्र मोदी के रोड शो के दौरान उमड़ी भीड़, पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव प्रचार के दौरान लोगों का उत्साह।

## उत्तरपाड़ा विधानसभा में सियासी मुकाबला हुआ और भी दिलचस्प, अच्छेलाल यादव ने भरा नामांकन

**हुगली :** जिले के उत्तरपाड़ा विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक समीकरण अब और जटिल हो गए हैं। पहले जहां मुकाबला त्रिकोणीय माना जा रहा था, वहीं अब एक और मजबूत चेहरे की एंट्री से हलचल तेज हो गई है। कोन्ननगर के कनाईपुर अंचल के पूर्व पंचायत प्रधान और सक्रिय टीएमसी नेता रहे अच्छेलाल यादव ने गुरुवार निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन दाखिल किया। उनके मैदान में उतरते ही राजनीतिक गलियारों में चर्चा तेज हो गई। पहले अटकलें लगाई जा रही थीं कि अच्छेलाल यादव भाजपा में शामिल हो सकते हैं, लेकिन उन्होंने इन अटकलों को खारिज करते हुए निर्दलीय चुनाव लड़ने का निर्णय लिया। दूसरी ओर, भाजपा ने उत्तरपाड़ा सीट से पूर्व एनएसजी कमांडो दीपांजन चक्रवर्ती को उम्मीदवार बनाया है।

राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि अच्छेलाल यादव की हिंदी भाषी मतदाताओं पर मजबूत पकड़ है, जिससे भाजपा को नुकसान हो सकता है। वहीं, तृणमूल कांग्रेस को भी उनके उतरने से वोट कटने का खतरा है। अच्छेलाल यादव ने कहा, उत्तरपाड़ा में सभी राजनीतिक दल कार्यकर्ताओं से बंधुआ मजदूर की तरह काम करवाते हैं। मेरी लड़ाई इसी व्यवस्था के खिलाफ है। तृणमूल से नीतिगत मतभेद के चलते संबंध तोड़ दिए हैं और जनता का समर्थन मेरे साथ है, जिससे मेरी जीत तय है।

## शालीमार स्टेशन पर संयुक्त जांच में 23.63 लाख की विदेशी मुद्रा बरामद, एक गिरफ्तार

**हावड़ा :** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को सख्त करते हुए शालीमार रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान भारी मात्रा में विदेशी और भारतीय मुद्रा बरामद की गई और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। जानकारी के अनुसार, 8 अप्रैल को शाम करीब 4:30 बजे शालीमार स्टेशन पर आरपीएफ पोस्ट शालीमार और जीआरपीएस शालीमार द्वारा विशेष सघन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान प्लेटफॉर्म नंबर 2 (सांतरागाछी छोर) के पास एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में काले बैग के साथ घूमते हुए नजर आया। पुलिस को देखकर आरोपी भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन आरपीएफ जवानों ने तत्परता दिखाते हुए उसे पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके बैग से यूरो, अमेरिकी डॉलर, नेपाली मुद्रा और भारतीय नोट बरामद हुए। बरामद कुल रकम 23,63,865 आंकी गई। पूछताछ में आरोपी कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सका। उसकी पहचान इंद्र बहादुर कटुवाल (41) के रूप में हुई, जो नेपाल के सिंधुपालचोक जिले का निवासी है। इस संबंध में शालीमार जीआरपीएस के एएसआई प्रशांत पाखिरा ने मौके पर ही जब्त मुद्रा और आरोपी का ड्राइविंग लाइसेंस अपने कब्जे में ले लिया। मामले में शालीमार जीआरपीएस में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस फिलहाल पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।



## बढ़ती मांग के बीच एचपीसीएल ने तेज की ईंधन व एलपीजी आपूर्ति

**कोलकाता :** देशभर में बढ़ती गतिशीलता और ऊर्जा खपत के बीच हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) ने आपूर्ति संचालन को तेज करते हुए रिकॉर्ड स्तर पर ईंधन और एलपीजी की उपलब्धता सुनिश्चित की है। 1 से 8 अप्रैल 2026 के दौरान कंपनी ने 3,02,631 किलोलीटर पेट्रोल और 5,46,690 किलोलीटर डीजल की बिक्री दर्ज की। इस मांग को पूरा करने के लिए 55,589 टैंकरों के जरिए 8.49 लाख किलोलीटर से अधिक ईंधन देशभर में पहुंचाया गया। इसी अवधि में 119 लाख एलपीजी सिलेंडरों की डिलीवरी की गई, जबकि कंपनी की आपूर्ति क्षमता प्रतिदिन 15 लाख सिलेंडर तक है। डिजिटल बुकिंग 98.5 प्रतिशत तक पहुंचने से उपभोक्ता सेवाओं में पारदर्शिता और गति आई है। 14 मार्च से 7 अप्रैल के बीच 4,524 निरीक्षण, 658 छापे और 40 एफआईआर दर्ज कर अनियमितताओं पर सख्त कार्रवाई की गई। कंपनी ने कहा कि आपूर्ति सामान्य है और उपभोक्ता घबराहट में खरीदारी से बचें।

## अनोखे अंदाज में भाजपा उम्मीदवार ने किया मुख्यमंत्री का अभिनव विरोध



**हुगली :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी श्रीरामपुर में जनसभा मंच से भाजपा पर आरोप लगाते कहा कि भाजपा सरकार पश्चिम बंगाल में आई तो बंगालियों के मछली मांस पर प्रतिबंध लगा देगी। गुरूवार को इसका अभिनव विरोध भाजपा उम्मीदवार भास्कर भट्टाचार्य ने किया। उनके इस बयान के विरोध में श्रीरामपुर विधानसभा क्षेत्र के बीजेपी उम्मीदवार भास्कर भट्टाचार्य बाजार पहुंचे और मछली खरीदकर प्रतीकात्मक विरोध किया। इतना ही नहीं, उन्होंने बारिश के कारण जमा पानी में मछली छोड़कर भी विरोध जताया। उनका कहना है कि मुख्यमंत्री द्वारा मछली और मांस को लेकर लोगों के बीच गलत प्रचार किया जा रहा है। भास्कर भट्टाचार्य का दावा है कि यदि बीजेपी सत्ता में आती है, तो बंगाल के लोग और भी बेहतर तरीके से मछली और मांस का आनंद ले सकेंगे। उन्होंने आगे कहा कि वह खुद बंगाली परिवार से है देश के कई राज्यों में भाजपा की सरकार है जहाँ बड़ी तादात में बंगाली समुदाय के लोग रहते है कहीं भी ऐसा प्रतिबंध न है न रहेगा।

## श्री जैन विद्यालय, कोलकाता में 'विश्व णमोकार मंत्र दिवस' पर सामूहिक णमोकार मंत्र जाप आयोजित

**कोलकाता, समाज्ञा :** 'विश्व णमोकार दिवस' के अवसर पर श्री जैन विद्यालय, कोलकाता में सामूहिक णमोकार मंत्र जाप का भव्य आयोजन श्रद्धा एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम पारसमल कांकरिया सभागार में आयोजित किया गया, जिसमें विद्यालय के विद्यार्थी, शिक्षकगण तथा गणमान्य अतिथियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की शिक्षिका तनुश्री चटर्जी के नेतृत्व में हुआ, जहां उपस्थित विद्यार्थियों और अतिथियों ने एक स्वर में णमोकार मंत्र का सामूहिक जाप किया। विद्यार्थियों ने अत्यंत एकाग्रता और श्रद्धा के साथ मंत्रोच्चारण किया, जिससे सभागार का वातावरण पूर्णतः आध्यात्मिक और धार्मिक हो गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, अनुशासन तथा आध्यात्मिक चेतना का विकास करना रहा।



इस अवसर पर विद्यालय के सचिव मनोज बोथरा, अध्यक्ष विनोद कांकरिया एवं प्रधानाचार्य संजय कुमार पांडेय विशेष रूप से उपस्थित रहे। अपने संबोधन में उन्होंने णमोकार मंत्र के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसके नियमित जाप से मानसिक शांति एवं सकारात्मक ऊर्जा की प्राप्ति होती है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में जीतो संस्था का विशेष सहयोग रहा। संस्था के मार्गदर्शन एवं सहयोग से यह आयोजन सुव्यवस्थित और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अंत में प्रधानाचार्य ने सभी अतिथियों, संस्था के प्रतिनिधियों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की। इस प्रकार 'विश्व णमोकार दिवस' का यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक एवं स्मरणीय सिद्ध हुआ।

## आंदोलन के वर्षों बाद भी सिंगुर में नहीं हुआ विकास : शिवराज सिंह चौहान

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल के सिंगुर की बहुचर्चित जमीन एक बार फिर चुनावी माहौल में राजनीतिक बहस का केंद्र बन गई है। भाजपा प्रत्याशी अरूप कुमार दास के समर्थन में प्रचार के लिए पहुंचे केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सिंगुर का दौरा करने के बाद राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि आंदोलन के इतने वर्षों बाद भी सिंगुर में अपेक्षित विकास नहीं हुआ। उनके अनुसार, न तो यहां खेती को बढ़ावा मिला और न ही कोई उद्योग स्थापित हो सका, जिससे यह क्षेत्र वादाखिलाफी का प्रतीक बन गया है। उन्होंने कहा कि यदि राज्य सरकार इच्छाशक्ति दिखाती, तो पिछले 15 वर्षों में सिंगुर की स्थिति पूरी तरह बदल सकती थी।

केंद्रीय मंत्री ने किसानों की समस्याओं का जिक्र करते हुए कहा कि आलू, प्याज और टमाटर जैसी फसलों की कीमतों में गिरावट के समय केंद्र सरकार की पीएसएस और भावांतर भुगतान जैसी योजनाएं किसानों को राहत दे सकती हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने इन योजनाओं को लागू नहीं किया और केंद्र को कोई प्रस्ताव भी नहीं भेजा।

इसके साथ ही उन्होंने दावा किया कि किसानों को अन्य राज्यों में बेहतर कीमत मिलने के बावजूद फसल बेचने में बाधाएं उत्पन्न की गईं। उन्होंने कहा कि कृषि राज्य का विषय है, लेकिन राज्य सरकार की पहल के बिना केंद्र की सहायता संभव नहीं है। वहीं, तृणमूल कांग्रेस ने इन आरोपों को खारिज करते हुए पलटवार किया। सिंगुर से पार्टी उम्मीदवार बेचाराम मान्ना ने कहा कि शिवराज सिंह चौहान चुनावी पर्यटक हैं और उन्हें क्षेत्र की वास्तविक स्थिति की जानकारी नहीं है।

## शहीद मंगल पांडेय की 169वीं पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई

**कोलकाता :** भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के वीर शहीद मंगल पांडेय की 169वीं पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। नेताजी सुभाष रोड स्थित गिलेंडर हाउस के सामने बलिया नागरिक उन्नयन समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। संस्था के संरक्षक सुरेश पांडेय ने कहा कि ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ सबसे पहले आवाज बुलंद करने वाले मंगल पांडेय ने देश की आजादी के लिए अपना जीवन न्योछावर किया। उनका साहस आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत बना रहेगा। कार्यक्रम में जन्मेजय पांडेय, रामपुकार सिंह, राजगृही सिंह, सुकुमार दास, तारकेश्वर दुबे, बद्री नारायण मिश्रा, श्याम नारायण सिंह, उमा शंकर प्रसाद (हीरो), दारा सिंह, राजेश सिंह, बी.पी. सिंह, कालिंदी गुप्ता, ललित अग्रवाल, आकाश पांडेय, रवि शंकर पांडेय, शम्मी तिवारी, मुकेश चौधरी, अविनाश गुप्ता, विकास सिंह, रत्न बनिक, प्रेम सिंह, महंगू सिंह, मुन्ना मंडल, आदित्य पांडेय, सुशील शुक्ला, राहुल चौबे, संजय राय, अजय राय चौधरी, संदीप पांडेय, संतोष सिंह, राम कुमार यादव, मो सौकत, राजकुमार सिंह, उमेश यादव, विश्वनाथ झा, राजेश सिंह, संजय सिंह, सुरेश सिंह एवं अजित सिंह, रोहित सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन रोहित पांडेय ने किया। कार्यक्रम से जुड़ी सभी जानकारी संगठन के अध्यक्ष संतोष सिंह ने साझा की।



## जल्दबाजी का शॉर्टकट बन सकता है जानलेवा: रेलवे ट्रैक पार करना पड़ सकता है भारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** रेलवे ट्रैक को शॉर्टकट के रूप में पार करने की बढ़ती प्रवृत्ति यात्रियों की जान के लिए गंभीर खतरा बनती जा रही है। जागरूकता के बावजूद कई लोग जल्दबाजी में नियमों की अनदेखी कर अपनी सुरक्षा से समझौता कर रहे हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ रही है।

इसी संदर्भ में एक संदेशात्मक उदाहरण सामने आया, जिसमें 'पटल बाबू' नामक व्यक्ति ट्रेन पकड़ने की जल्दबाजी में स्टेशन पर दौड़ते हुए पहुंचते हैं। देर होने के कारण वे फुटओवर ब्रिज का उपयोग करने के बजाय सीधे रेलवे ट्रैक पार करने का निर्णय लेते हैं। ट्रैक पार करते समय उनका जूता रेल की पटरी में फंस जाता है और तभी तेज रफ्तार ट्रेन नजदीक आ जाती है। कुछ क्षणों के लिए स्थिति अत्यंत भयावह हो जाती है और बड़ा हादसा होने की आशंका पैदा हो जाती है। हालांकि, संयोगवश अंतिम क्षण में उनका पैर जूते से निकल जाता है और वे प्लेटफॉर्म पर गिरकर अपनी जान बचाने में सफल हो जाते हैं। यह घटना इस बात का स्पष्ट उदाहरण है कि थोड़ी सी लापरवाही किस तरह जानलेवा साबित हो सकती है। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे रेलवे ट्रैक को कभी भी शॉर्टकट के रूप में इस्तेमाल न करें और हमेशा फुटओवर ब्रिज या निर्धारित मार्गों का ही उपयोग करें। अधिकारियों का कहना है कि कुछ मिनट बचाने की जल्दबाजी जीवन के लिए भारी पड़ सकती है, जबकि नियमों का पालन ही सुरक्षित यात्रा की गारंटी है।

## चेन पुलिंग से रेल सेवा प्रभावित, यात्रियों को चुकानी पड़ रही भारी कीमत

**कोलकाता, समाज्ञा :** ट्रेनों में बिना किसी आपात स्थिति के अलार्म चेन खींचने की बढ़ती घटनाएं रेलवे संचालन और यात्रियों की सुविधा के लिए गंभीर चुनौती बनती जा रही हैं। इस लापरवाही के कारण न केवल ट्रेनों की समयबद्धता प्रभावित हो रही है, बल्कि अनेक यात्रियों के महत्वपूर्ण कार्य और जीवन से जुड़े अवसर भी छिन रहे हैं। हाल ही में मालदह से हावड़ा जा रहे साजल दत्ता (नाम परिवर्तित) का मामला सामने आया, जो लंबे इंतजार के बाद प्राप्त एक महत्वपूर्ण नौकरी साक्षात्कार में शामिल होने जा रहे थे। ट्रेन संख्या 13012 से यात्रा के दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा मजाक में अलार्म चेन खींचे जाने से ट्रेन बीच रास्ते में रुक गई। इस अनावश्यक देरी के कारण साजल अपना साक्षात्कार नहीं दे सके और उनका सपना अधूरा रह गया। यह घटना केवल एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि उन हजारों यात्रियों की वास्तविकता है, जो इस तरह की गैर-जिम्मेदाराना हरकतों से प्रभावित होते हैं।



पूर्व रेलवे के मालदह मंडल के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2024-25 में 280 घटनाएं दर्ज की गईं, जिससे 220 ट्रेनों की समयपालन प्रभावित हुई। वर्ष 2025-26 में यह संख्या बढ़कर 396 हो गई, जिसके परिणामस्वरूप 231 बार ट्रेनों का निर्धारित समय बाधित हुआ। विशेष रूप से साहिबगंज-भागलपुर और मालदह टाउन-आजिमगंज खंड ऐसे मामलों के प्रमुख केंद्र बनकर उभरे हैं। रेलवे अधिनियम, 1989 की धारा 141 के तहत बिना उचित कारण अलार्म चेन खींचना दंडनीय अपराध है, जिसमें एक वर्ष तक की सजा या 1000 रुपये तक का जुर्माना अथवा दोनों का प्रावधान है। पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिबराम माझी ने कहा कि अलार्म चेन का दुरुपयोग गंभीर अपराध है, जो यात्रियों को भारी असुविधा पहुंचाता है। उन्होंने लोगों से जिम्मेदारीपूर्वक व्यवहार करने और इस प्रवृत्ति को रोकने की अपील की।

# आरजी कर मामला : सीबीआइ को दोषी और संदिग्धों से दोबारा पूछताछ की अनुमति

**❑ हाई कोर्ट ने कहा–आधुनिक तकनीक और उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करते हुए जांच आगे बढ़ानी चाहिए**

**कोलकाता :** आरजी कर मामले में कलकत्ता हाई कोर्ट ने महत्वपूर्ण निर्देश देते हुए कहा है कि जरूरत पडऩे पर सीबीआइ दोषी ठहराए गए व्यक्ति और अन्य संदिग्धों से दोबारा पूछताछ कर सकती है। गुरुवार को न्यायमूर्ति राजशेखर मंथा और न्यायमूर्ति राय चट्टोपाध्याय की खंडपीठ ने यह आदेश दिया। अदालत ने अपने अवलोकन में कहा कि दोषी व्यक्ति के पास मामले से जुड़ी कई अहम जानकारियां हो सकती हैं, इसलिए सीबीआइ को आधुनिक तकनीक और सभी उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करते हुए जांच आगे बढ़ानी चाहिए।

पीड़िता के परिवार की ओर से डीएनए प्रोफाइल और आडियो रिकार्डिंग अदालत में जमा की गई है। हाई कोर्ट ने सीबीआइ को इन साक्ष्यों की जांच कर रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 12 मई को होगी।

पीड़िता के परिवार ने घटनास्थल का पुन: निरीक्षण करने की अनुमति मांगी थी। इस पर अदालत ने कहा कि जब सीबीआइ को कोई आपत्ति नहीं है, तो राज्य सरकार को भी इसमें आपत्ति नहीं करनी चाहिए, क्योंकि वह इस मामले में प्रत्यक्ष पक्ष नहीं है।

**❑ फारेंसिक जांच की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण**

अदालत ने यह भी टिप्पणी की कि इस मामले में फारेंसिक जांच की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है और विशेषज्ञों द्वारा गहराई से जांच की जानी चाहिए। सुनवाई के दौरान यह भी कहा गया कि दोषी संजय की बरी किए जाने की याचिका और सीबीआइ द्वारा दी गई मृत्युदंड की मांग पर एक साथ सुनवाई जरूरी है। साथ ही पीड़िता के परिवार की याचिका पर भी विस्तृत सुनवाई की आवश्यकता बताई गई।

गौरतलब है कि नौ अगस्त 2024 को आरजी कर मेडिकल कालेज एवं अस्पताल में एक डाक्टर छात्रा का शव बरामद हुआ था। इसके अगले दिन कोलकाता पुलिस ने सिविक वालंटियर संजय राय को गिरफ्तार किया था। बाद में हाई कोर्ट के निर्देश पर जांच सीबीआइ को सौंप दी गई। 18 जनवरी 2025 को सियालदह अदालत ने संजय को दोषी ठहराया था और 20 जनवरी को उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। फिलहाल इस मामले की सुनवाई हाई कोर्ट में जारी है।

**CHANGE OF NAME**

I, Piru Charan Kundu father of Army No. 15670863H, Rank- Hav ,Name- Balaram Kundu residing at Sukjora, Galia, Joypur, Bankura, West Bengal, Pin-722154. this is to inform that my name has been recorded incorrectly in my son's service record as Pirucharan Kundu. I do hereby declared that have changed my name from Pirucharan Kundu to Piru Charan Kundu Vide affidavit before the Notary Public Biplab Sardar Govt. of West Bengal Sl. No.16/26 dated 06.04.2026.

**CHANGE OF NAME**

I, Army No.15684935M, Rank- HAV, Name- Manendra Kumar, S/O Satyendra Kumar resident of Village- Bharpura, P.O- Bharpura, P.S- Sonpur, District- Saran (Bihar) 841101. My name has been recorded incorrectly in my service record as Manendra Kumar. do hereby declared that have changed my name from Manendra Kumar to Maneendra Kumar Vide affidavit before the Notary Public/ Executive Magistrate Civil Court Danapur (Patna), affidavit No.217 dated 02.04.2026

## बाली में चुनावी विवाद : भाजपा उम्मीदवार को परिसर में प्रवेश से रोका, बयान का वीडियो वायरल

**हावड़ा, समाज्ञा :** बाली विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार के दौरान एक विवाद सामने आया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार संजय सिंह को एक बहुमंजिली इमारत परिसर में प्रवेश करने से रोक दिया गया, जिसके बाद उनका दिया गया बयान सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। जानकारी के अनुसार, संजय सिंह प्रचार के सिलसिले में उक्त परिसर में पहुंचे थे, जहां तृणमूल कांग्रेस के हावड़ा सदर युवा सभापति एवं बाली विधानसभा से उम्मीदवार कैलाश मिश्रा का निवास बताया जा रहा है। भाजपा उम्मीदवार के पहुंचते ही परिसर का मुख्य द्वार बंद कर दिया गया और उन्हें अंदर जाने की अनुमति नहीं दी गई। घटना के बाद संजय सिंह ने परिसर के बाहर ही अपना वक्तव्य देते हुए इसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में बाधा बताया। उन्होंने कहा कि 4 तारीख के बाद यह दरवाजा न तो अंदर से खुलेगा और न बाहर से, क्योंकि इसे बाहर से ही बंद कर दिया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष के प्रभाव में आकर उनके प्रचार को रोकने का प्रयास किया गया। भाजपा उम्मीदवार ने इस मामले को गंभीर बताते हुए निर्वाचन आयोग में शिकायत दर्ज कराई है और निष्पक्ष जांच की मांग की है। घटना के बाद क्षेत्र का राजनीतिक माहौल गरमा गया है। हालांकि, तृणमूल कांग्रेस की ओर से इस मामले पर अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

**Name Change**

I Sri Srimanta Sing S/o Nandalal Sing R/o Kuikota, Midnapore, West Midnapore, West Bengal - 721101, have changed my name to Srimanta Kumar Singh

**पश्चिम मध्य रेल**

ई–निविदा सूचना
खुली निविदा क्रमांक.:
WCR-CRWS-CAMPING-23-46R

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा अनुभवी ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम :** कनवर्जन ऑफ कोचेस इन टू कैंपिंग कोचेस। **कार्य की लागत :** रु. 4,25,18,242.57, **निविदा फॉर्म का मूल्य :** रु. 0.00, **धरोहर राशि :** 8,50,400.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 12 माह., **ऑनलाइन बिडिंग प्रारम्भ होने का दिनांक/ऑन लाइन निविदा बंद होने का दिनांक एवं समय :** 20.04.2026 /04.05.2026 को 15.00 बजे तक, **निविदा खुलने का दिनांक एवं समय :** 04.05.2026 को 15.30 बजे निविदा तथा निविदा प्रारूप की विस्तृत जानकारी भारत सरकार की वेब साइट "www.ireps.gov.in' एवं निविदा सूचना मुख्य कारखाना प्रबन्धक, सडिपुका /भोपाल कार्यालय के सूचना पटल पर उपलब्ध है।

हस्ता.
मुख्य कारखाना प्रबंधक,
सडिपुका, निशातपुरा, पमरे, भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: एसडीएसटीई–बीएलसीके–पैनल–यूएफएसबीआई–26, दिनांक: 08.04.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निविदा सं.: एसडीएसटीई–बीएलसीके–पैनल–यूएफएसबीआई–26 के तहत खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** बीएलसीके पैनल और यूएफएसबीआई के बीच डायरेक्ट केबलों का प्रावधान और ईएक्सटी क्यूडी टर्मिनेशन बॉक्स से ओएफसी रूम तक प्रावधान। **बोली प्रणाली:** एकल पैकेट। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 5,19,04,306.79, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** रु. 10,38,100/–, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु.0.00, **समापन अवधि:** 12 माह। **प्रस्ताव की वैधता :** 60 दिन। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** 16.04.2026, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** 30.04.2026 को 15.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।

HWH-17/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहां देखें @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**इच्छा की अभिव्यक्ति (ईओआई )**

**कैरेज और वैगन वर्कशॉप, लिलुआ में वर्ष 2026 की गर्मियों की छुट्टियों के दौरान व्यावसायिक प्रशिक्षण (अवैतनिक)**

मुख्य कार्य प्रबंधक, कैरेज और वैगन वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, लिलुआ वर्ष 2026 की गर्मियों की छुट्टियों के दौरान कैरेज और वैगन वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, लिलुआ में यांत्रिक और विद्युतीय अभियांत्रिकी छात्रों (डिप्लोमा और बी.टेक दोनों) के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण (अवैतनिक) हेतु आवेदन आमंत्रित करते हैं। **कॉलेज/संस्थान में आवेदन जमा शुरू होने की तारीख:** 13.04.2026 (सोमवार), **कॉलेज/संस्थान में आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख:** 23.04.2026 (बृहस्पतिवार), **डब्ल्यूपीओ/लिलुआ के कार्यालय में आवेदन जमा करने की अवधि (स्थापना अनुभाग/लिलुआ का सीएच.ओएस/प्राप्ति और प्रेषण) (ऑफलाइन तरीका):** 25.04.2026 से 05.05.2026 तक। **व्यावसायिक प्रशिक्षण की अवधि:** 20.05.2026 से 16.06.2026 तक। **बैच का आकार:** 50 (यांत्रिक विंग), 25 (विद्युतीय विंग)। विस्तृत अधिसूचना पूर्व रेलवे की वेबसाइट: **https://er.indianrailways.gov.in** पर उपलब्ध होगी।

मुख्य कार्य प्रबंधक, लिलुआ

**पूर्व रेलवे**

हमें यहां देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/फर्नि. प्रोग, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये (निविदा सं. – एम–200/कार्पेंटरी/मेट. हैंड/2025–27, दिनांक: 03.04.2026) एकल पैकेट प्रणाली आधारित भारतीय रेलवे पोर्टल www.ireps.gov.in द्वारा खुली निविदा आमंत्रित की जाती है–

**कार्य का नाम :** कार्य क्षेत्र के अनुसार, स्टोर डिपो से कार्पेंटरी शॉप तक कोच सामग्री की लोडिंग–अनलोडिंग और हैंडलिंग और कार्पेंटरी शॉप से डंप यार्ड/डिपो स्क्रैप यार्ड या नामित स्थान पर विभिन्न आकार के बढ़ईगीरी स्क्रैप (ऑफ कट) को छांटना, उठाना और स्थानांतरित करने करने हेतु निविदा का कार्य।

**कार्य की अनुमानित लागत : (₹ में) :** 78,30,395.04, **अमानत राशि/बिड सिक्यूरिटी : (₹ में)** 1,56,600.00, **कार्य की मात्रा –** 600 कार्यकारी दिवस।, **कार्य समापन की अवधि** – 24 माह।, निविदा दिनांक– 27.04.2026 को 15:00 बजे तक आन–लाइन जमा कर सकते हैं। हस्त लिखित निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। निविदा दिनांक– 27.04.2026 को 15:00 बजे के बाद ऑन–लाइन http://www.ireps.gov.in के द्वारा खोली जाएगी। निविदा सूचना और टर्म्स एवं कंडीशन का पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के आईआरईपीएस की वेब साइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

**उप मुख्य यांत्रिक अभियन्ता/फर्नि. प्रोग.**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर बोगी & व्हील, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये एकल पैकेट प्रणाली आधारित खुली ई–निविदा सूचना एमसीएफ/आरबीएल/सीएनसी एज मिलिंग/2026–27/सी690 दिनांक–04.04.2026, आईआरईपीएस के पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है–

**कार्य का नाम :** कार्य के दायरे के अनुसार सीएनसी एज मिलिंग मशीन पर बोगी घटक की मशीनिंग।, **कार्य की अनुमानित लागत (₹) :** 38,79,601.27, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य, **अमानत राशि** – ₹ 77,600.00 (₹सत्तहत्तर हजार छह सौ रुपये) मात्र।, **कार्य की मात्रा** – जैसा कि अध्याय VI मात्राओं के बिल में संलग्न है। **कार्य समापन की अवधि** – 12 माह।, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय** – दिनांक 28.04.2026 को 11:00 बजे।, निविदा सूचना, एलजीबिलिटी क्राइटेरिया, टर्म्स एवं कंडीशन IREPS वेबसाइट www.ireps.gov.in पर निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

**उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/बोगी & व्हील**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**Format C-7**

**[S. No. 10. C-7. North 24 Pargs. (95, 103, 108, 109, 110, 111, 112, 113, 114, 115, 117, 123, 124) Phase of Election: 2nd ; Date of Election: 29.04.2026.]**

*(For Political Party to publish in the 2 Newspapers, Social Media Platforms & Website of the Party)*

*Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates. (As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition(C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 566 of 2011)*

Name of Political Party : **Communist Party of India (Marxist)**
*Name of Election : **General Election to the Legislative Assembly, 2026**
Name of State/ UT : **West Bengal**

| Sl. No of the Candidate | Sl. No. | | 1 | | | | | | | 2 | 3 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Name of the Constituency | Name of the Candidate | a<br>Nature of the offences | b<br>Case No. | c<br>Name of the Court | d<br>Whether charges have been frames or not (Yes/ No) | e<br>Date of Conviction, if any | f<br>Details of Punishment undergone, if any | g<br>Any other information required to be given | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the pools (not more than 100 words) | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidate (not more than 100 words) |
| 1. | 114,DUM DUM | MAYUKH BISWAS | U/S- 143,186, 188,283,269,270 IPC & 51 D.M ACT. | NORTH BIDHAN NAGAR P.S. CASE NO. 11/2022 DATED 24/01/2022 | BIDHAN NAGAR COURT | NO | N/A | N/A | N/A | These candidates have been falsely implicated out of political vengeance. They are being the popular leader and worker for the people throughout the year to ensure his constitutional rights. They have been chosen as their political activities required to be vindicated by the people to proof that such false allegations are not appreciated. Thus, preferences has been given on this candidate then other candidate having no criminal antecedents | They have been chosen as their political activities require to be vindicated by the people to prove that such false allegations are not appreciated. Thus, preferences have been given on these candidates than other candidates having no criminal antecedents |
| | | | U/S – 143,341, 283,188 IPC. | NEW MARKET P.S. CASE NO. 142/2021 | 6TH J.M. AT KOLKATA | NO | N/A | N/A | N/A | | |
| | | | U/S - 143, 147, 148,323,332,353,506,342 IPC | NEW MARKET P.S. CASE NO. 39/2021 | 6TH J.M. AT KOLKATA | YES | N/A | N/A | N/A | | |
| | | | U/S - 143, 149,283 IPC | HARE STREET P..S- CASE NO. 337/2014 | 18TH J.M. KOLKATA | YES | N/A | N/A | N/A | | |
| 2. | 113, BARANA | SAYAND EEP MITRA | U.S. -143,341,186, 285,290 IPC | BELGHARIA P.S. CASE NO. – 387/2022 | 3RD J.M. BARRAKPORE | NO | N/A | N/A | N/A | | |
| | | | U.S. -174(a)/147/ 145(b)/146 I.R. ACT. | RPF POST DUM DUM CASE NO. 913/2025 | 4TH J.M. SEALDAH | NO | N/A | N/A | N/A | | |
| | | | U.S. – 143/341/283 / 188 IPC | NEW MARKET P.S. CASE NO. 142/2021 | 6TH J.M. KOLKATA(BANK SHALL COURT) | NO | N/A | N/A | N/A | | |
| | | | US- 143/147/ 353/186/188/332/427/506/283/333 IPC & SEC-3 PREVENTION OF DAMAGE TO PUBLIC PROPERTY ACT. 1984 | EAST BIDHANH NAGAR P.S. CASE NO. 132/2014 | 4TH A.D.J. AT BARASAT | YES | N/A | N/A | N/A | | |
| | | | U.S- 143/147/ 148/149/283/341/323/332/353/506/27 IPC | NEW MARKET P.S. CASE NO. 39/2021 | 6TH J.M. KOLKATA(BANK SHALL COURT) | YES | N/A | N/A | N/A | | |
| | | | U.S- 188/283/186 /189/353/332/34 IPC | EAST BIDHANH NAGAR P.S. CASE NO. 56/2019 | A.C.J.M. AT BIDHAN NAGAR COURT | YES | N/A | N/A | N/A | | |
| | | | U.S -143/186 /332/353 IPC & UNDER SECTION N.H. ACT. | NEW JALPAQIGURI 140/2020 | C.J.M. AT JALPAIGURI | NO | N/A | N/A | N/A | | |
| | | | U.S - 143/353/186 /427/506/283 IPC & 9 OF M.P.O. ACT. | EAST BIDHAN NAGAR 14/2014 | F.T.C 4TH AT BARASAT COURT | YES | N/A | N/A | N/A | | |
| 3. | 111, PANIHATI | KALATAN DASGUPTA | U/S-224/352/ 353(a)(b)(2)/351(2) /196/61/ B.N.S. | BIDHAN NAGAR E.C. P.S CASE NO. – 178/24 | A.C.J.M. COURT BIDHAN NAGAR | NO | N/A | N/A | N/A | These candidates have been falsely implicated out of political vengeance. They are being the popular leader and worker for the people throughout the year to ensure his constitutional rights. They have been chosen as their political activities required to be vindicated by the people to proof that such false allegations are not appreciated. Thus, preferences has been given on this candidate then other candidate having no criminal antecedents | They have been chosen as their political activities require to be vindicated by the people to prove that such false allegations are not appreciated. Thus, preferences have been given on these candidates than other candidates having no criminal antecedents |
| | | | U/S – 149/191(2)/ 324(3)/351(3) B.N.S. & 3 OF P.D.P.P ACT. & SEC -9 OF WB MAINTANCE OF PUBLIC ORDER ACT. | ULTA DANGA P.S. CASE NO – 108/24 | A.C.J.M. COURT SEALDAH | NO | N/A | N/A | N/A | | |
| | | | U/S – 191(2)/191(3) /190/189(5)/195/ 132/121(1)/109/324; (5)/ 61(2) OF B.N.S. & SEC- 3 P.D.P.P. ACT. | TALA P.S. CASE NO 6/24 | A.C.J.M. COURT SEALDAH | NO | N/A | N/A | N/A | | |
| | | | U/S – 191(2)/ 191(3)/190/132/ 351(2)/ 79/127(2)/161(2) OF B.N.S. & SEC – 3 P.D.P.P. ACT. & SEC-9/15A/15C OF M.P.O. ACT. 1972 & SEC -4 OF M.S.P. & M.S.I. ACT. | TALA P.S. CASE NO 59/24 | A.C.J.M. COURT SEALDAH | NO | N/A | N/A | N/A | | |
| | | | U/S -61(2)/109/ 121(1)/121(2)/132/189(5)/190/191(2) /191(3)/192/195/285/324(5) B.M.S & 3 P.D.P.P. ACT. AND SEC- 9/15A & 15C OF WB M.P.O. ACT. 1972 & SEC-4 OF M.S.P. & M.S.I. P.V.D.P. ACT | TALA P.S. CASE NO 58/24 | A.C.J.M. COURT SEALDAH | NO | N/A | N/A | N/A | | |
| | | | U/S – 186/188/189 /353/283/506/ 34 I.P.C. | EAST BIDHAN NAGAR P.S. CASE NO. 149/21 | A.C.J.M. Court Bidhan Nagar | | N/A | N/A | N/A | | |
| | | | U/S -143/341/283/ 188 I.P.C. | New Market P.S. Case No – 142/22021 | 6TH J.M. Court At Kolkata | YES | N/A | N/A | N/A | | |
| | | | U/S – 186/188/ 183/ 353/332 I.P.C. | East Bidhan Nagar P.S. CASE NO -56/19 | A.C.J.M. Court Bidhan Nagar | NO | N/A | N/A | N/A | | |
| 4 | 123, SANDESH KHALI(S.T) | RABINDRANATH MAHATA | U.S – 143/353/ 188/506/34 I.P.C. | NAZAT G.D NO. 1151 DATED 29/02/2024 | A.C.J.M. BASHIRHAT COURT | NO | N/A | N/A | N/A | These candidates have been falsely implicated out of political vengeance. They are being the popular leader and worker for the people throughout the year to ensure his constitutional rights. They have been chosen as their political activities required to be vindicated by the people to proof that such false allegations are not appreciated. Thus, preferences has been given on this candidate then other candidate having no criminal antecedents | They have been chosen as their political activities require to be vindicated by the people to prove that such false allegations are not appreciated. Thus, preferences have been given on these candidates than other candidates having no criminal antecedents |
| 5. | 95, BONGAON UTTAR (S.C) | PIJUSH KANTI SAHA | U/S. –147/341/ 323/427/506 IPC | BONGAON P.S. CASE NO – 151/2010 | A.C.J.M. Bongaon Court | YES | N/A | N/A | N/A | | |
| | | | U/S – 188 IPC | BONGAON P.S. CASE NO – 349/2020 | A.C.J.M. Bongaon Court | NO | N/A | N/A | N/A | | |
| 6. | 117, RAJARHAT | SUBHAJIT DASGUPTA | U/S – 341/323/ 354/506/34 IPC | BAGUIATI P.S. CASE NO. 539/2023 | C.J.M. AT BARASAT COURT | NO | N/A | N/A | N/A | | |
| 7. | 110, DUM DUM | DIPSITA DHAR | U/S – 189(2)/ 19(2)/190/ 121(1)/132/ 61(2)/238/62 B.N.S. ACT | South Port P.S. Case No. - 119/2024 | C.J.M. ALIPUR | NO | N/A | N/A | N/A | | |

**Sd/- Md. Salim**
**Secretary, West Bengal State Committee; Communist Party of India (Marxist)**

## भय के आधार पर पासपोर्ट का नवीनीकरण नहीं रोका जा सकता:इलाहाबाद उच्च न्यायालय



**प्रयागराज:** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कहा है कि पासपोर्ट का नवीनीकरण एक व्यक्ति का वैध अधिकार है जिसे चिंता या भय के आधार पर नहीं रोका जा सकता। इसी साथ उच्च न्यायालय ने संबंधित क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी को याचिकाकर्ता के पासपोर्ट का अविलंब नवीनीकरण का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति सौरभ श्रीवास्तव ने रामपुर के दिलीप की एक याचिका पर यह निर्देश दिया। उच्च न्यायालय ने रामपुर के अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा 30 जुलाई, 2025 को पारित आदेश रद्द कर दिया जिसमें पासपोर्ट के नवीनीकरण की अनुमति देने से मना कर दिया गया था। इस मामले के तथ्यों के मुताबिक, याचिकाकर्ता सऊदी अरब गया है और वर्तमान में वह उसी देश में रह रहा है और एक आपराधिक मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, रामपुर के समक्ष पेश होने के लिए भारत लौटना चाहता है। इस मामले में उसके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया गया था। हालांकि, जब उसने अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, रामपुर के समक्ष अपने पासपोर्ट के नवीनीकरण की अनुमति मांगते हुए आवेदन किया तो आवेदन खारिज कर दिया गया। इसलिए उसने उच्च न्यायालय में धारा 528 (उच्च न्यायालय की अंतर्निहित शक्तियां) के तहत यह याचिका दायर की। सुनवाई के दौरान, राज्य सरकार के वकील ने आशंका व्यक्त की कि यदि याचिकाकर्ता को पासपोर्ट उपलब्ध कराया जाता है तो मौजूदा याचिका में ऐसा कोई आश्वासन या शपथ पत्र नहीं दिया गया है कि याचिकाकर्ता भारत लौटेगा और गैर जमानती वारंट के आलोक में संबंधित अदालत के समक्ष पेश होगा। दोनों पक्षों को सुनने के बाद उच्च न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि पासपोर्ट का नवीनीकरण याचिकाकर्ता का वैध अधिकार है जिसे राज्य सरकार के वकील द्वारा व्यक्त आशंका या भय के आधार पर नहीं रोका जा सकता। वैसे उच्च न्यायालय ने विदेश मंत्रालय को इस आदेश की प्रति सऊदी अरब के दूतावास को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया जिससे गैर जमानती वारंट की तामील कराई जा सके।

## बिहार: सत्तू विक्रेता ने मामूली विवाद में वैन चालक का सिर धड़ से अलग किया, भीड़ ने आरोपी को मार डाला



**पटना:** बिहार के अररिया जिले में बृहस्पतिवार को मामूली कहासुनी ने भयावह रूप ले लिया, जब एक सत्तू विक्रेता ने कथित तौर पर चाकू से हमला कर पिकअप वैन चालक का सिर धड़ से अलग कर दिया। इसके बाद आक्रोशित भीड़ ने आरोपी को पीट-पीटकर मार डाला। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, सुल्तान पोखर क्षेत्र निवासी सत्तू विक्रेता रवि चौहान (30) और जोगबनी थाना क्षेत्र के अमोना गांव निवासी पिकअप चालक अली हुसैन (42) के बीच विवाद हो गया। उसने बताया कि हुसैन ने अपना वाहन चौहान के ठेले के सामने खड़ा कर दिया था, इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हुई जो जल्द ही हिंसक झड़प में बदल गई। फारबिसगंज के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) मुकेश साह ने बताया, ''चौहान ने पहले हुसैन के पेट पर चाकू से वार किया और फिर उसका सिर धड़ से अलग कर दिया। घटना के बाद वह कुछ देर तक मौके पर ही खड़ा रहा। इसके बाद वहां मौजूद लोगों ने डंडों और ईंट-पत्थरों से उस पर हमला कर दिया और पीट-पीटकर उसे मार डाला।'' घटना और दो लोगों की मौत की खबर फैलते ही इलाके में तनाव फैल गया। हुसैन के परिजन और परिचितों सहित सैकड़ों लोग मौके पर जुट गए। भीड़ ने नारेबाजी की, आसपास की छोटी दुकानों और ठेलों में तोड़फोड़ की तथा क्षेत्र के सड़कों को जाम कर दिया। स्थिति के साम्प्रदायिक रूप लेने की आशंका के बीच पुलिस बल मौके पर पहुंचा और हालात पर काबू पाने का प्रयास किया। एसडीपीओ ने कहा, ''फारबिसगंज में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। घटनास्थल के आसपास स्थिति अब भी तनावपूर्ण है।'' उन्होंने बताया कि चौहान को पीट-पीटकर मार डालने वालों की पहचान की जा रही है और उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## बिहार में मुख्यमंत्री पद के लिए सम्राट चौधरी के समर्थन में लगे पोस्टर




**पटना:** बिहार के अगले मुख्यमंत्री के नाम को लेकर विभिन्न वर्गों में जारी अटकलों के बीच, बृहस्पतिवार को पटना स्थित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यालय के बाहर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के समर्थन में पोस्टर लगाए गए लेकिन इनमें से कुछ पोस्टर को बाद में पार्टी कार्यालय के कर्मचारियों ने हटा दिया। यह घटनाक्रम मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेने के लिए दिल्ली रवाना होने के बीच सामने आया। पोस्टर पर 'वाल्मीकि समाज' का नाम अंकित था। यह दलित समुदाय पारंपरिक रूप से सफाई कार्य से जुड़ा माना जाता है। भाजपा की प्रदेश इकाई के मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल ने संवाददाताओं से कहा, ''हमें नहीं पता कि ये पोस्टर किसने लगाए हैं। फिलहाल इतना ही कहा जा सकता है कि अगला मुख्यमंत्री कौन होगा, यह निर्णय सामूहिक रूप से लिया जाएगा, जैसा कि पार्टी की परंपरा रही है।'' इस बीच कयास लगाए जा रहे हैं कि शुक्रवार को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेने के बाद कुमार अगले सप्ताह अपनी कैबिनेट की अंतिम बैठक कर सकते हैं और उसके बाद मुख्यमंत्री पद छोड़ सकते हैं। चौधरी, मुख्यमंत्री पद की दौड़ में अग्रणी नेताओं में गिने जा रहे हैं। प्रभावशाली पिछड़ा वर्ग समूह कोइरी जाति से ताल्लुक रखने वाले चौधरी को 2023 में भाजपा की प्रदेश इकाई का अध्यक्ष बनाया गया था और जनता दल (यूनाइटेड) के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में लौटने के बाद 2024 में उन्हें उपमुख्यमंत्री बनाया गया। पिछले वर्ष हुए विधानसभा चुनाव में राजग के सत्ता में लौटने पर चौधरी फिर उपमुख्यमंत्री बने और इस बार उन्हें गृह विभाग भी मिला, जिसे अब तक कुमार छोड़ने से हिचकते रहे थे।

## बिहार में पांडुलिपियों के संरक्षण एवं डिजिटलीकरण में तेजी लायी जाए: मुख्य सचिव



**पटना:** बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने बृहस्पतिवार को 'ज्ञान भारतम् मिशन' के अंतर्गत राज्य में पांडुलिपियों के संरक्षण और डिजिटलीकरण के कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण कार्य को गति देने के लिए नव नालंदा महाविहार, खुदाबख्श लाइब्रेरी और बोधगया मठ को प्रमुख क्लस्टर केंद्र के रूप में चिन्हित किया गया है, जो विभिन्न जिलों के साथ समन्वय स्थापित कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि भारत सरकार द्वारा 2025-26 के बजट में घोषित 'ज्ञान भारतम् मिशन' देश की समृद्ध ज्ञान परंपरा और बौद्धिक विरासत को पुनर्जीवित करने की एक महत्वाकांक्षी पहल है। उन्होंने कहा कि इस मिशन का उद्देश्य देशभर में उपलब्ध पांडुलिपियों का व्यापक सर्वेक्षण, वैज्ञानिक संरक्षण और आधुनिक तकनीकों के माध्यम से डिजिटलीकरण करना है, ताकि प्राचीन धरोहरों को सुरक्षित रखा जा सके। अधिकारियों के मुताबिक इस मिशन के लिए राज्य के कला एवं संस्कृति विभाग को नोडल विभाग बनाया गया है और मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति गठित की गई है। बृहस्पतिवार को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में बताया गया कि मिशन के तहत कम से कम 75 वर्ष पुराने हस्तलिखित ग्रंथों को पांडुलिपि की श्रेणी में रखा गया है। इनमें कागज, भोजपत्र, ताड़पत्र, कपड़े अथवा धातु पर लिखित सामग्री शामिल हैं। राज्य के सरकारी और गैर-सरकारी संस्थानों, मठों, मंदिरों, शैक्षणिक संस्थानों तथा निजी पुस्तकालयों में उपलब्ध दुर्लभ पांडुलिपियों की पहचान और कैटलॉगिंग का कार्य तेजी से किया जा रहा है।

## 79,459 करोड़ रुपए की पचपदरा रिफाइनरी से ऊर्जा सुरक्षा को मिलेगी नई मजबूती:भजनलाल शर्मा

**जयपुर:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 21 अप्रैल को राजस्थान में बालोतरा के पचपदरा में देश की पहली एकीकृत 'रिफाइनरी-कम-पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स' का उद्घाटन करेंगे। यह जानकारी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बृहस्पतिवार को दी। प्रधानमंत्री की प्रस्तावित यात्रा की तैयारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए शर्मा ने कहा कि पचपदरा रिफाइनरी परियोजना ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करेगी और राज्य में आर्थिक विकास को गति देगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्यक्रम के लिए व्यापक इंतज़ाम सुनिश्चित किए जाएं, जिनमें बैठने की व्यवस्था, पेयजल, चिकित्सा सुविधाएं, बिजली आपूर्ति, पार्किंग, यातायात प्रबंधन और सुरक्षा



शामिल हों। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री इस दौरान एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे और रिफाइनरी से एलपीजी टैंकरों को हरी झंडी दिखाएंगे। शर्मा ने कहा कि एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड (एचअ-रआरएल) कॉम्प्लेक्स पेट्रोल और डीज़ल के साथ-साथ कई पेट्रोरसायन उत्पाद भी तैयार करेगा। उन्होंने कहा कि यह परियोजना पेट्रोकेमिकल क्षेत्र में आयात पर निर्भरता कम करेगी और युवाओं के लिए रोजगार एवं कौशल विकास के अवसर पैदा करेगी। अधिकारियों के अनुसार, रिफाइनरी की संशोधित लागत 79,459 करोड़ रुपए है और इसकी वार्षिक परिशोधन क्षमता नब्बे लाख मीट्रिक टन है। लगभग 4,400 एकड़ में फैली यह परियोजना राजस्थान क्रूड और आयातित क्रूड का मिश्रण प्रोसेस करेगी। एलपीजी का वाणिज्यिक उत्पादन पहले ही शुरू हो चुका है। बैठक में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास और पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

### जयपुर के प्रमुख मार्गों पर विकसित होगा मेट्रो नेटवर्क

**जयपुर:** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि जयपुर मेट्रो फेज-2 राजधानी के विकास का 'ग्रोथ इंजन' सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि इससे शहर में सीतापुरा एवं विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्रों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि जयपुर के सभी प्रमुख मार्गों पर मेट्रो नेटवर्क विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में जयपुर मेट्रो रेल परियोजना की प्रगति एवं विस्तार को लेकर बैठक की। उन्होंने प्रहलादपुरा से टोडी मार्ग तक विकसित होने वाले इस फेज को केन्द्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी के आधार पर चरणबद्ध तरीके से क्रियान्वित करने तथा प्रहलादपुरा से पिंजरापोल गोशाला तक के कार्य आदेश शीघ्र जारी करने के निर्देश दिए।

## मऊ में एक अज्ञात युवक का शव बरामद

**मऊ (उप्र):** मऊ जिले में बृहस्पतिवार को एक अज्ञात युवक का शव बरामद किया गया। उसका चेहरा बुरी तरह कुचला हुआ था। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि सराय लखंसी थाना क्षेत्र के रणबीरपुर गांव में सुबह सैर पर निकले एक व्यक्ति ने सड़क के किनारे एक युवक का शव देखकर पुलिस को सूचना दी थी। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा। सूत्रों ने बताया कि मौके पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने जांच कर सुबूत जुटाये। स्थानीय लोगों के अनुसार, मृतक के सिर पर गहरे घाव के निशान थे और उसका चेहरा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त था, जिससे उसकी पहचान करना मुश्किल हो रहा था। अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार ने बताया, ''प्रथम दृष्टया ऐसा लगता है कि लगभग 25 वर्षीय इस युवक की लाठियों से पीट-पीटकर हत्या की गई है। घटनास्थल से चप्पलें, कुछ दस्तावेज और शराब की बोतलें बरामद की गई हैं।'' उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मृतक की शिनाख्त करने की कोशिश की जा रही है। कुमार ने बताया कि इस मामले की जांच करने और इसमें शामिल लोगों की पहचान करने के लिए एक टीम गठित की गई है।

## पटना में राज्य पुलिस मुख्यालय के बाहर शव मिला

**पटना:** पटना स्थित राज्य पुलिस मुख्यालय के सामने एक शव मिलने से सनसनी फैल गई। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा, ''बुधवार रात पुलिस मुख्यालय के सामने फुटपाथ पर एक शव मिला। मृतक की पहचान शास्त्री नगर निवासी के रूप में की गई है।' उन्होंने बताया कि शव पर किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं मिले हैं और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अधिकारी ने कहा, 'प्रथम दृष्टया प्रतीत होता है कि मौत संभवत: दिल का दौरा पड़ने से हुई। हालांकि, मौत के सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगा।'

## सरकारी सर्वर हैक करने के मामले में सिमरी का युवक गिरफ्तार, पीएमओ से जुड़ा है मामला

**बक्सर:** जिले के सिमरी थाना क्षेत्र अंतर्गत आशा पड़री निवासी एक युवक द्वारा सरकारी सर्वर हैक करने का मामला सामने आया है। मामला प्रधानमंत्री कार्यालय से जुड़ा बताया जा रहा है। मामला उजागर होते पूरे देश की सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया। इस बीच दिल्ली और पटना सीबीआई टीम के साथ बक्सर पुलिस ने छापेमारी करते हुए हैकर युवक को देर रात गिरफ्तार कर लिया और उससे पूछताछ की जा रही है। युवक के गिरफ्तारी की पुष्टि करते बक्सर एसपी शुभम आर्य ने बताया कि मामला टाप सीक्रेट है, इसलिए फिलहाल वे इसमें ज्यादा कुछ अभी जानकारी नहीं दे सकते हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार देर रात से सुबह तीन बजे तक चले छापेमारी के दौरान घटना के आरोपित युवक अमन कुमार के घर से टीम ने लैपटाप समेत कई चीजें जब्त करते हुए युवक को गिरफ्तार कर लिया है। टीम फिलहाल युवक को किसी अज्ञात स्थान पर ले जाकर पूछताछ में लगी है। बताया जाता है कि टीम ने युवक के पूरे घर को सील कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार इस घटना के पहले भी 2022 में आरोपित पर कोलकाता एयरपोर्ट के सर्वर को हैक करने का आरोप लगा था, जिसमें कोलकाता से आई पुलिस टीम उसे कोलकाता ले गई थी। हालांकि, बाद में नाबालिग होने के कारण किसी तरह वह छूट गया था।

समीक्षा

# स्पोर्ट्स

## आरसीबी और रॉयल्स के मुकाबले में नजरें शीर्षक्रम के बल्लेबाजों पर



**गुवाहाटी:** इंडियन प्रीमियर लीग में शुक्रवार को होने वाले मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू और राजस्थान रॉयल्स के बीच टक्कर में दोनों टीमों के शीर्षक्रम के बल्लेबाजों पर खास नजरें रहेंगी। आक्रामक शुरुआत के दम पर रॉयल्स इस सत्र में दबदबा बनाए हुए है, जिसमें यशस्वी जायसवाल और वैभव सूर्यवंशी की अहम भूमिका रही है।वहीं आरसीबी की उम्मीदें देवदत्त पडिक्कल पर टिकी होंगी, जो शानदार फॉर्म में हैं। अनुभवी विराट कोहली भले ही टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुके हों, लेकिन उनका अनुभव और मार्गदर्शन टीम के लिए बेहद महत्वपूर्ण बना हुआ है। पिछले मैच में फिल साल्ट ने भी उपयोगी पारी खेलकर टीम को मजबूती दी थी। तीसरे नंबर पर उतरने वाले पडिक्कल ने इस सत्र में लगातार रन बनाते हुए खुद को साबित किया है। कप्तान रजत पाटीदार और टिम डेविड मध्यक्रम को स्थिरता प्रदान करते हैं। गेंदबाजी में जैकब डफी ने प्रभावित किया है, जबकि कृणाल पंड्या और सुयश शर्मा ने बीच के ओवरों में रन रोकने में अहम भूमिका निभाई है।दूसरी ओर, रॉयल्स की आक्रामक बल्लेबाजी इस सत्र की पहचान बन चुकी है। जायसवाल और सूर्यवंशी की जोड़ी ने लगातार तेज शुरुआत देकर विरोधी टीमों पर दबाव बनाया है। पिछले मैच में सूर्यवंशी ने जसप्रीत बुमराह की पहली ही गेंद पर छक्का जड़कर अपने बेखौफ अंदाज का परिचय दिया था। रॉयल्स के गेंदबाज भी योजनाओं पर सटीक अमल कर टीम की सफलता में योगदान दे रहे हैं।

## भारत के सबसे उम्रदराज टेस्ट क्रिकेटर सीडी गोपीनाथ का 96 वर्ष की आयु में निधन

**चेन्नई:** टेस्ट में भारत की पहली जीत दर्ज करने वाली टीम के सदस्य रहे देश के सबसे उम्रदराज अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर सीडी गोपीनाथ का 96 वर्ष की आयु में निधन हो गया। गोपीनाथ ऑस्ट्रेलिया के महान नील हार्वी (97) के बाद दुनिया के दूसरे सबसे उम्रदराज क्रिकेटर थे। उनके परिवार में पत्नी, बच्चे और पोते-पोतियां हैं। उनके निधन के बाद मुंबई के 95 वर्षीय चंद्रकांत पाटणकर अब देश के सबसे उम्रदराज क्रिकेटर बन गए हैं। पाटणकर ने 1955 में न्यूजीलैंड के खिलाफ एक टेस्ट खेला था। गोपीनाथ के निधन से भारत ने केवल अपने सबसे वयोवृद्ध टेस्ट क्रिकेटर को ही नहीं खोया, बल्कि देश के क्रिकेट इतिहास के एक शानदार अध्याय से जुड़े आखिरी खिलाड़ी को भी खो दिया। चार साल पहले चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में एक कार्यक्रम के दौरान भारत की पहली टेस्ट जीत का जिक्र करते हुए उनकी



आंखों में चमक बरकरार थी। भारत ने 1952 में इसी स्टेडियम में इंग्लैंड को पारी और आठ रन से हराकर टेस्ट में पहली बार जीत का स्वाद चखा था। उन्होंने इस जीत का जिक्र करते हुए मजाक में कहा था, देखो! लंबी उम्र का यही फायदा है। आप कहानी जोड़ते और फिर से लिखते रह सकते हैं। मेरी उम्र को देखते हुए हर कोई मुझे संदेह का फायदा देगा, लेकिन संदेह का फायदा हमेशा बल्लेबाज को जाता है, है ना?

## मुकुल चौधरी की नाबाद अर्धशतकीय पारी से केकेआर पर एलएसजी की रोमांचक जीत

**कोलकाता :** लखनऊ सुपर जायंट्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के रोमांचक मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स को आखिरी गेंद तक चले रोमांचक मुकाबले में तीन विकेट से हराया। इस जीत के नायक रहे मुकुल चौधरी, जिन्होंने नाबाद अर्धशतक जड़कर टीम को असंभव सी लग रही स्थिति से जीत दिलाई। 181 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए एलएसजी ने 16वें ओवर तक सात विकेट 128 रन पर गंवा दिए थे और टीम को जीत के लिए आखिरी चार ओवर में 54 रन चाहिए थे। ऐसे में चौधरी ने आवेश खान के साथ मिलकर शानदार साझेदारी की और टीम को जीत की दहलीज तक पहुंचाया। उन्होंने 54 रन की नाबाद पारी खेली, जिसमें सात छक्के शामिल थे।



आखिरी ओवर में एलएसजी को 14 रन की जरूरत थी। चौधरी ने दबाव में बेखौफ बल्लेबाजी करते हुए पांचवीं गेंद पर छक्का जड़कर स्कोर बराबर किया और अंतिम गेंद पर एक रन लेकर टीम को यादगार जीत दिलाई। इस दौरान वैभव अरोड़ा दबाव में चूक गए। इससे पहले आयुष बडोनी ने 34 गेंदों में 54 रन बनाकर टीम को मुकाबले में बनाए रखा। वहीं शीर्ष क्रम में मिचेल मार्श (15), एडेन मारक्रम (22), कप्तान ऋषभ पंत (10) और निकोलस पूरन (13) सस्ते में आउट हो गए थे। इससे पहले केकेआर ने चार विकेट पर 181 रन बनाए। अजिंक्य रहाणे (41) और अंगकृष रघुवंशी (45) ने दूसरे विकेट के लिए 84 रन की साझेदारी कर टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई। अंत में रोवमैन पॉवेल (नाबाद 39) और कैमरून ग्रीन (नाबाद 32) ने उपयोगी पारियां खेलीं। एलएसजी के लिए मोहम्मद शमी सबसे किफायती गेंदबाज रहे, जिन्होंने चार ओवर में 27 रन देकर कसी हुई गेंदबाजी की। दिग्वेश राठी और मणिमारण सिद्धार्थ ने भी अहम विकेट चटकाए। इस जीत के साथ लखनऊ ने लगातार दूसरी जीत दर्ज कर अंक तालिका में अपनी स्थिति मजबूत कर ली, जबकि कोलकाता को इस सत्र में चौथी हार का सामना करना पड़ा।

## भारत को तीन स्वर्ण, बांग्लादेश ने अंडर-19 लड़कों का खिताब जीता

**शिमला:** भारत की अंडर-19 लड़कियों ने बृहस्पतिवार को यहां आईटीटीएफ-एटीटीयू एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप के क्षेत्रीय क्वालीफायर में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना जीत का सिलसिला जारी रखा। बृहस्पतिवार को टीम प्रतियोगिताओं के खत्म होने के बाद भारत ने चार में से तीन टीम वर्ग के खिताब जीते जिसमें अंडर-19 लड़कियों, अंडर-15 लड़कों और अंडर-15 लड़कियों के वर्ग शामिल हैं। अंडर-19 लड़कों के वर्ग का खिताब बांग्लादेश की टीम ने करीबी मुकाबले में शीर्ष स्थान हासिल करके जीता। भारत ने इस वर्ग में कोई टीम नहीं उतारी थी क्योंकि उसने पिछले साल ताशकंद में हुई एशियाई चैंपियनशिप के दौरान ही क्वालीफिकेशन हासिल कर लिया था। मेजबान टीम ने बृहस्पतिवार को महिला अंडर-19 वर्ग में नेपाल, मालदीव और बांग्लादेश पर 3-0 से शानदार जीत दर्ज की और राउंड-रोबिन तालिका में शीर्ष पर रही।

## वानखेड़े में शास्त्री स्टैंड का अनावरण, इडुल्जी, सोलकर और सरदेसाई भी सम्मानित

**मुंबई :** भारत के पूर्व ऑलराउंडर रवि शास्त्री के नाम पर वानखेड़े स्टेडियम में बृहस्पतिवार को यहां एक स्टैंड का अनावरण किया गया। इस मौके पर मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने डायना इडुल्जी, एकनाथ सोलकर और दिलीप सरदेसाई जैसे अपने अन्य दिग्गज खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया। 'शास्त्री स्टैंड' का अनावरण एक समारोह में किया गया जिसमें सुनील गावस्कर और भारत के मौजूदा टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव सहित कई जानी-मानी हस्तियां मौजूद थीं। वानखेड़े स्टेडियम के गेट का नाम भारत की पूर्व कप्तान इडुल्जी, भारत के पूर्व ऑलराउंडर सोलकर और सरदेसाई के नाम पर रखा गया। सरदेसाई ने 30 टेस्ट और 179 प्रथम श्रेणी मैच खेले थे। भारत के पूर्व मुख्य कोच शास्त्री वानखेड़े में अपने भाषण के दौरान काफी भावुक नजर आए।

## एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप: प्रीति, मीनाक्षी के नेतृत्व में भारत की स्वर्णिम सफलता

**उलानबटोर (मंगोलिया):** मौजूदा विश्व चैंपियन मीनाक्षी हुड्डा और एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता प्रीति पवार के नेतृत्व में भारत ने बृहस्पतिवार को एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदकों की झड़ी लगा दी। मीनाक्षी (48 किग्रा) और प्रीति (54 किग्रा) के अलावा प्रिया घंघास (60 किग्रा) और 'वर्ल्ड बॉक्सिंग कप' की स्वर्ण पदक विजेता अरुंधति चौधरी (70 किग्रा) ने भी फाइनल जीतकर स्वर्ण पदक अपने नाम किए। भारत को सबसे बड़ा झटका 57 किग्रा वर्ग में लगा, जहां मौजूदा विश्व चैंपियन जैस्मीन लंबोरिया को थाईलैंड की दो बार की विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता पुनरावी रूएनरोस (पूर्व नाम जुतामास जितपोंग) से 0-5 से हार का सामना करना पड़ा। भारत को एक और रजत पदक अल्फिया पठान (80+ किग्रा) के रूप में मिला, जो फाइनल में कजाखस्तान की दीना इस्लामबेकोवा से 0-5 से हारकर उपविजेता रहीं। फाइनल में पहुंचने के साथ ही भारतीय मुक्केबाजों ने इस वर्ष होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों के लिए भी क्वालीफाई कर लिया, जो भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) की चयन नीति के अनुरूप है। भारतीय महिला टीम ने कुल 10 पदकों (चार स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य) के साथ सबसे सफल टीम के रूप में शीर्ष स्थान हासिल किया। कुछ भार वर्गों में सीमित भागीदारी (जहां केवल तीन मुक्केबाज ही उतरे) के कारण लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा), पूजा रानी (80 किग्रा) और अल्फिया को महज भागीदारी के आधार पर ही पदक मिल गए। भारतीय मुक्केबाजों ने शानदार प्रदर्शन जारी रखा। मीनाक्षी हुड्डा ने मंगोलिया की नोमुंदारी एंख-अमगालन को 5-0 से हराकर दिन का पहला स्वर्ण पदक जीता। प्रीति पवार ने इसके बाद अपने बेहतरीन फॉर्म को जारी रखते हुए चीनी ताइपे की तीन बार की विश्व चैंपियन और तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता हुआंग शियाओ-वेन को 5-0 से हराया।

## मुंबई में जल्द ही एक बड़ा स्टेडियम होगा, फडणवीस ने कहा



**मुंबई:** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बृहस्पतिवार को कहा कि मुंबई में जल्द ही एक बड़ा स्टेडियम होगा और मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने इसके लिए जमीन ढूंढ ली है। मुंबई के क्रिकेट दिग्गजों को सम्मान देने के लिए वानखेड़े स्टेडियम में एक समारोह के दौरान फडणवीस ने कहा, ''यह अधिक क्षमता वाला स्टेडियम होगा और ऐसी जगह पर होगा जहां दर्शकों को 20 मिनट में हटाया जा सकेगा और किसी भी स्टैंड से मैच बहुत अच्छे से देखा जा सकेगा।' उन्होंने कहा, 'लेकिन नया स्टेडियम कितना भी बड़ा क्यों ना हो, वह वानखेड़े स्टेडियम के कद का मुकाबला कभी नहीं कर सकता, जहां हमेशा क्रिकेट का जश्न मनाया जाएगा।' मुख्यमंत्री ने कहा, 'हम सभी चाहते हैं कि किसी भी टूर्नामेंट का फाइनल मैच मुंबई में हो। हमारे पास एक बड़ा स्टेडियम होगा लेकिन वानखेड़े प्रतिष्ठित स्टेडियम है और हम हमेशा इस स्टेडियम में क्रिकेट का जश्न मनाएंगे।' फडणवीस ने शहर में छोटे मैदानों का पुनरोद्धार करने की एमसीए की मांग पर भी गौर करने का वादा किया। उन्होंने कहा कि मेट्रो रेल के काम की वजह से ओवल और क्रॉस मैदान जैसे मैदानों पर असर पड़ा था और उनका पुनरोद्धार किया जा रहा है।

## वैष्णवी और सहजा को मिली शिकस्त, इंडोनेशिया ने बीजेकेसी में भारत को 3-0 से हराया

**नयी दिल्ली:** वैष्णवी अडकर और सहजा यमलापल्ली की एकल मुकाबलों तथा अंकिता रैना और ऋतुजा भोसले की जोड़ी की हार से बिली जीन किंग कप के एशिया-ओशियाना ग्रुप-1 मुकाबले में बृहस्पतिवार को यहां इंडोनेशिया ने भारत को 3-0 से करारी शिकस्त दी। इस हार से भारत के प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है। वैष्णवी ने प्रिस्का मेडेलिन नुग्रोहो को कड़ी चुनौती दी, लेकिन उन्हें दिल तोड़ने वाली हार का सामना करना पड़ा, जबकि सहजा विश्व रैंकिंग में 41वें स्थान पर काबिज जेनिस ट्येन के सामने सहज नहीं दिखीं। विश्व रैंकिंग में 391वें पायदान पर काबिज पुणे की 21 वर्षीय वैष्णवी ने मुकाबले में पूरा दमखम दिखाया, लेकिन 419वीं रैंकिंग वाली प्रिस्का की चुनौती से पार नहीं पा सकीं। वह डीएलटीए स्टेडियम में तीन घंटे छह मिनट तक चले मुकाबले में 7-6 (3), 6-7 (3), 3-6 से हार गईं। सहजा के लिए जेनिस को हराना हमेशा ही कठिन चुनौती थी, क्योंकि इंडोनेशिया की खिलाड़ी को शीर्ष खिलाड़ियों के साथ खेलने का अनुभव है। सहजा को एकतरफा मुकाबले में 2-6, 1-6 से हार का सामना करना पड़ा।

# विधानसभा चुनाव: असम, पुडुचेरी में रिकॉर्ड मतदान, केरल में 78 प्रतिशत से अधिक वोट पड़े



**तिरुवनंतपुरम/गुवाहाटी :** असम में बृहस्पतिवार को हुए विधानसभा चुनाव में 85 प्रतिशत से अधिक रिकॉर्ड मतदान दर्ज किया गया, जबकि केरल में 78 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ। निर्वाचन आयोग के नवीनतम आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। दोनों राज्यों में सत्तारूढ़ दल लगातार तीसरी बार सत्ता में आने के लिए प्रयासरत हैं। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि विधानसभा चुनाव में जबरदस्त मतदान ''सामान्य बात नहीं है बल्कि ऐतिहासिक'' है। शर्मा ने कहा कि इस चुनाव का परिणाम ''हमारे लोगों के चेहरों पर उम्मीद, गर्व और खुशी के रूप में पहले से ही दिखाई दे रहा है।'' इस बीच कांग्रेस की असम इकाई के अध्यक्ष गौरव गोगोई ने राज्य में बदलाव के लिए बड़ी संख्या में मतदान करने के लिए लोगों को धन्यवाद दिया। गो-गोई ने एक बयान में कहा कि लोगों ने ''नए बोर-असम'' (नए और ग्रेटर असम) और नए नेतृत्व की उम्मीद में मतदान किया। उन्होंने कहा, ''अब निर्वाचन आयोग की जिम्मेदारी है कि वह इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की सुरक्षा सुनिश्चित करे और चार मई को मतों की सटीक गिनती कराए।'' शर्मा और गोगोई दोनों उन 722 उम्मीदवारों में शामिल हैं जो इन चुनावों में 126 निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ रहे हैं। कुल मतदाताओं की संख्या 2.5 करोड़ है। वर्ष 2021 में असम विधानसभा चुनावों में 82.04 प्रतिशत मतदान हुआ था। केरल में, जहां पारंपरिक रूप से मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के नेतृत्व वाले वाम लोकतांत्रिक मोर्चे (एलडीएफ) और संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चे (यूडीएफ) के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा के कारण उच्च मतदान होता रहा है। केरल में 140 विधानसभा क्षेत्रों से 883 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) नेता सी एन मोहनन ने कहा कि मतदान प्रतिशत में वृद्धि से एलडीएफ को फायदा होगा क्योंकि उसके कार्यकर्ताओं ने अधिकतम मतदाता भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए काम किया है। भाजपा नेता के.एस. शैजू ने इस वृद्धि को जमीनी स्तर पर मतदाताओं के व्यवहार से जोड़ा। उन्होंने कहा, ''हमारे विश्लेषण से पता चलता है कि इस बार अधिक महिला मतदाता मतदान करने आई हैं।'' कांग्रेस नेता दीप्ति मैरी वर्गीज ने कहा कि इस प्रवृत्ति का गहन अध्ययन करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, आमतौर पर यह प्रवृत्ति देखी जाती है कि जब मतदान प्रतिशत बढ़ता है, तो यह यूडीएफ के लिए अनुकूल हो जाता है।'' इस बीच, केरल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी रतन यू केलकर ने विश्वास व्यक्त किया कि वर्तमान मतदान रुझान से संकेत मिलता है कि 90 प्रतिशत मतदान होगा।

केरल में 2021 के विधानसभा चुनावों में 74.06 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था। केरल और असम के साथ-साथ बृहस्पतिवार को पुडुचेरी विधानसभा की 30 सदस्यीय सीट के लिए भी मतदान हुआ। केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव के लिए बृहस्पतिवार को हुआ मतदान छिटपुट घटनाओं को छोड़कर शांतिपूर्ण रहा और 86 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुडुचेरी में अखिल भारतीय एन.आर. कांग्रेस (एआईएनआरसी) नीत मोर्चा सत्ता बरकरार रखने के लिए और, विपक्षी कांग्रेस नीत गठबंधन केंद्र शासित प्रदेश में बदलाव के लिए जोर लगा रहा है। बृहस्पतिवार को दो राज्यों केरल और असम तथा केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी के लिए मतदान हुआ।

## असम विधानसभा चुनाव में भारी मतदान 'सामान्य बात नहीं, ऐतिहासिक है': हिमंत



**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बृहस्पतिवार को कहा कि विधानसभा चुनाव में जबरदस्त मतदान ''सामान्य बात नहीं है बल्कि ऐतिहासिक'' है। शर्मा ने कहा कि इस चुनाव का परिणाम ''हमारे लोगों के चेहरों पर उम्मीद, गर्व और खुशी के रूप में पहले से ही दिखाई दे रहा है।'' असम विधानसभा चुनाव के लिए मतदान बृहस्पतिवार शाम पांच बजे समाप्त हो गया, जिसमें लगभग 84.42 फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। शर्मा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''हमारा उद्देश्य केवल चुनाव लड़ना नहीं था, बल्कि इसे एक आंदोलन में बदलना था - एक ऐसा आंदोलन जिससे हमारे सभ्यतागत मूल्यों, हमारी संस्कृति और हमारी भूमि की रक्षा हो।'' उन्होंने कहा, ''आज पहली बार, हमारे लोग अभूतपूर्व संख्या में मतदान करने के लिए निकले - कंधे से कंधा मिलाकर, मतदान में अपने विरोधियों के बराबर और उनसे आगे भी निकल आए हैं। कई मतदान केंद्रों पर भागीदारी 95 प्रतिशत से अधिक हो गई। यह सामान्य बात नहीं है। यह ऐतिहासिक है।''

## मुंबई हवाई अड्डे के टर्मिनल 1 पर लगी आग

**मुंबई :** मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल 1 पर बृहस्पतिवार शाम आग लग गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आग बुझाने का प्रयास किया जा रहा है। इस घटना में अब तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। एक अधिकारी ने बताया कि 1 बी सर्कल के पास एक तीन-मंजिला इमारत में शाम 6:35 बजे आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद मुंबई अग्निशमन सेवा की गाड़ियां तुरंत मौके पर भेजी गईं। उन्होंने बताया कि आग सिर्फ भूतल पर फैली। घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है।

## बम हमले के विरोध में मणिपुर घाटी के विभिन्न जिलों में प्रदर्शन, दोषियों की गिरफ्तारी की मांग

**इंफाल :** मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में एक घर पर बम हमले के विरोध में राज्य के घाटी के पांच जिलों में हजारों प्रदर्शनकारियों ने कर्फ्यू का उल्लंघन करते हुए रैलियां निकालीं और टायर जलाए। बिष्णुपुर जिले में बम हमले की इस घटना में दो बच्चों की मौत हो गई थी। इंफाल पश्चिम जिले के टिडिम लाइन में संगठन 'ऑल मणिपुर यूनाइटेड क्लब्स ऑर्गनाइजेशन' (एएमयूसीओ) के तत्वावधान में सैकड़ों लोगों ने क्वाकेइथेल के पास स्थित संगठन के कार्यालय से रैली निकाली, जिसमें हत्याओं की निंदा की गई और दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की गई। हमले में मारे गए दो नाबालिगों के पोस्टर लिए हुए कई बच्चे भी रैली में शामिल हुए जिन्हें सुरक्षा बलों ने क्वाकेइथेल के पास आगे बढ़ने से रोक दिया। बाद में मुख्यमंत्री वाई खेमचंद सिंह से मुलाकात के लिये एएमयूसीओ के प्रतिनिधियों एवं अन्य को ले जाया गया ताकि वे अपनी चिंताओं को उनके सामने रख सकें।

## अदालत ने 'धुरंधर 2' में 'त्रिदेव' के गाने को लेकर जारी विवाद को मध्यस्थता के लिये भेजा

**नयी दिल्ली :** दिल्ली उच्च न्यायालय ने 1989 में बनी फिल्म त्रिदेव के एक गाने के फिल्म धुरंधर 2 में कथित अनधिकृत उपयोग को लेकर जारी विवाद को बृहस्पतिवार को मध्यस्थता के लिए भेज दिया। न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला ने त्रिदेव के निर्माता, त्रिमूर्ति फिल्म्स द्वारा आदित्य धर की बी62 स्टूडियोज प्राइवेट लिमिटेड और सुपर कैसेट्स इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ दायर मुकदमे पर यह आदेश पारित किया। त्रिमूर्ति फिल्म्स ने आरोप लगाया कि फिल्म 'धुरंधर 2' के गीत रंग दे लाल (ओए ओए) में बिना उचित अनुमति के त्रिदेव के गीत तिरछी टोपी वाले का इस्तेमाल किया गया। प्रतिवादियों ने इस दावे का विरोध किया।

## पंजाब में बीकेआई आतंकी नेटवर्क का भंडाफोड़, दो व्यक्ति गिरफ्तार

**चंडीगढ़ :** पंजाब पुलिस ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने दो लोगों को गिरफ्तार कर आईएसआई समर्थित बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) आतंकी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है, जो राज्य में शांति भंग करने के लिए बड़े पैमाने पर हमले को अंजाम देने की तैयारी कर रहा था। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आकाश मसीह और जबलौन के रूप में हुई है।

## विधानसभा की चार सीट पर हुए पचुनाव में 68 से 82 प्रतिशत मतदान

**नयी दिल्ली :** कर्नाटक, त्रिपुरा और नगालैंड की चार विधानसभा सीट पर बृहस्पतिवार को हुए उपचुनाव में मतदान काफी हद तक शांतिपूर्ण रहा और 68 से 82 प्रतिशत के बीच मतदान दर्ज किया गया। कर्नाटक के बागलकोट और दावणगेरे दक्षिण, उत्तरी त्रिपुरा के धर्मनगर और नगालैंड में मोकोकचुंग जिले के कोरिडांग विधानसभा क्षेत्र के लिए उपचुनाव हुए। बंबई उच्च अदालत ने बुधवार को गोवा के पोंडा विधानसभा उपचुनाव के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना को अमान्य घोषित कर दिया था। गुजरात और महाराष्ट्र की तीन विधानसभा सीट पर उपचुनाव 23 अप्रैल को होंगे। निर्वाचन आयोग के अनुसार, देर शाम 08:30 बजे तक नगालैंड की कोरिडांग में 82.21 प्रतिशत, त्रिपुरा की धर्मनगर में 80.04 प्रतिशत और कर्नाटक की बागलकोट में 68.74 प्रतिशत तथा दावणगेरे दक्षिण में 68.43 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। कर्नाटक में सत्तारूढ़ कांग्रेस को दोनों सीट को बरकरार रखने के लिए भाजपा की चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। वरिष्ठ कांग्रेस विधायकों एच वाई मेती (बागलकोट) और शमनूर शिवशंकरप्पा (दावणगेरे दक्षिण) के निधन के कारण उपचुनाव कराना आवश्यक हो गया था। भाजपा ने पूर्व विधायक और 2023 में पराजित वीरभद्रय्या चरण्तिमठ को बागलकोट से और नया चेहरा श्रीनिवास टी दासकारियप्पा को दावणगेरे दक्षिण से मैदान में उतारा।

## भूस्खलन प्रभावित उत्तरी सिक्किम से फंसे हुए 1,321 पर्यटकों को बचाया गया

**गंगटोक :** सिक्किम के मंगन जिले के लाचेन में कई भूस्खलनों के कारण सड़क संपर्क टूट जाने के बाद फंसे 1,000 से अधिक पर्यटकों को बचाया गया। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि ये पर्यटक पांच अप्रैल से उत्तरी सिक्किम के लाचेन में फंसे हुए थे। अधिकारियों ने बताया कि बृहस्पतिवार को 1,321 पर्यटकों और 84 स्थानीय लोगों को बचाया गया। उन्होंने बताया कि बचाव अभियान मंगन जिला अधिकारी अनंत जैन की देखरेख में और सेना, बीआरओ, 'लाचेन जुमसा' तथा पर्यटन क्षेत्र से जुड़े हितधारकों के सक्रिय समन्वय से चलाया गया। ताराम चू से चुंगथांग और फिर वहां से गंगटोक तक पर्यटकों



को ले जाने के लिए बसों और पर्यटक वाहनों की विशेष व्यवस्था की गई थी। ताराम चू में निकासी प्रक्रिया पूरी होने के बाद, स्थानीय विधायक और सिक्किम के सामाजिक कल्याण मंत्री समदुप लेपचा ने भारतीय सेना और बीआरओ के अधिकारियों से बातचीत की और उनके निरंतर प्रयासों के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। उन्होंने पर्यटकों से बातचीत भी की और उन्हें उनके गंतव्य तक सुखद यात्रा की शुभकामनाएं दीं।



त्रिपुरा: के. अन्नामलाई ने तमिलनाडु विधानसभा चुनाव से पहले पल्लदम विधानसभा सीट से अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम उम्मीदवार के.बी. परमेश्वरन के समर्थन में चुनाव प्रचार किया

## बाल तस्करी के बढ़ते मामलों को गंभीरता से लें राज्य, समन्वित कार्रवाई की जाए: उच्चतम न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने बाल तस्करी के बढ़ते मामलों पर गंभीर चिंता जताते हुए कहा है कि ऐसा करने वाले गिरोह देशभर में सक्रिय हैं और यदि राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों ने तत्काल कदम नहीं उठाए तो स्थिति नियंत्रण से बाहर हो जाएगी। न्यायालय ने कहा कि इस संबंध में केवल राज्य सरकार और उसका गृह विभाग ही सतर्कता के साथ कार्रवाई कर सकता है। न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने बुधवार को एक याचिका पर सुनवाई के दौरान कहा, ''एक न्यायालय के रूप में हम निगरानी कर सकते हैं, लेकिन कार्रवाई अंततः राज्य सरकार, पुलिस और अन्य एजेंसियों को ही करनी है इसलिए यह हमारा विनम्र अनुरोध है।'' पीठ ने संगठित तस्करी गिरोह को ध्वस्त करने के उद्देश्य से 2025 में सुनाए गए एक फैसले को लागू करने के मामले में कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के ''ढुलमुल'' रवैये पर नाराजगी जताई। न्यायमूर्ति विश्वनाथन ने कहा कि कुछ मामलों में बच्चों को बरामद किया जाना इस बात का प्रमाण है कि इस समस्या से निपटा जा सकता है लेकिन इसके लिए जिस स्तर की राजनीतिक और प्रशासनिक इच्छाशक्ति चाहिए उसका फिलहाल अभाव है। पिछले साल 15 अप्रैल को दिए गए फैसले में कई संस्थागत सुधारों का निर्देश दिया गया था। इनमें तस्करी के मामलों में मुकदमों का निपटारा रोजाना सुनवाई के आधार पर छह महीने के भीतर पूरा करने का निर्देश भी शामिल था। फैसले में मानव तस्करी निरोधक इकाइयों (एएचटीयू) को मजबूत करने और जांच के मानकों में सुधार करने का भी निर्देश दिया गया था। इससे पहले पीठ ने कुछ राज्यों की ओर से दाखिल अनुपालन रिपोर्ट को ''महज आंखों में धूल झोंकना'' करार दिया था।

## दुनिया में संघर्षों के बीच नवकार मंत्र का जाप बहुत प्रासंगिक: शाह

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि पूरी दुनिया के कल्याण के लिए यहां नवकार मंत्र का सामूहिक जाप करना ऐसे समय में बहुत ही सार्थक और प्रासंगिक है, जब दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में विभिन्न विचारधाराओं को लेकर संघर्ष चल रहे हैं। 'विश्व नवकार महामंत्र दिवस' पर आयोजित समारोह को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि मंत्र मनुष्य के जीवन को एक ऊंचे रास्ते की ओर ले जाते हैं, हमारी चेतना को जगाते हैं और नेक इरादों को मज़बूत करते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे दौर में जब दुनिया को शांति की बहुत



ज़रूरत है, नवकार मंत्र का सामूहिक जाप माहौल को शुद्ध करने और मन की अशांति को शांत करने में मदद कर सकता है। उन्होंने कहा, ''इससे आपसी समझ, सद्भाव और एक-दूसरे के प्रति संवेदनशीलता भी मज़बूत होगी।'' शाह ने कहा कि नवकार मंत्र की परंपरा हज़ारों सालों से चली आ रही है, जिसमें 24 तीर्थंकरों और उनके अनुयायियों का बहुत बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे प्रबुद्ध ऋषियों ने पीढ़ियों तक अथक तपस्या करके पूरी मानवता के कल्याण के लिए इन मंत्रों की रचना की है। उन्होंने कहा, ''हमें इन्हें पूरी श्रद्धा के साथ अपनाना चाहिए और अपने जीवन में भी उतारना चाहिए।'' उन्होंने नवकार मंत्र को एक निराकार, निष्पक्ष और सार्वभौमिक प्रार्थना बताया, जो समय, जाति, क्षेत्र या धर्म के आधार पर कोई भेदभाव नहीं करती।

## एक साल के बच्चे ने निगली तीन इंच की जिंदा मछली, ऑपरेशन के बाद निकाली गई

**इंदौर (मध्यप्रदेश) :** दुर्लभ घटनाक्रम में इंदौर में एक वर्षीय लड़के ने करीब तीन इंच लंबी जिंदा मछली निगल ली और चिकित्सकों ने जटिल ऑपरेशन के बाद इस जलीय जीव को उसके गले से बाहर निकालकर बच्चे को नया जीवन दिया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तीन अप्रैल की घटना के दौरान एक साल के बच्चे के बड़े भाई-बहन उनके घर के एक्वेरियम की सफाई के दौरान एक जाली में रखी गईं सजावटी मछलियों से खेल रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि बच्चों की लापरवाही के कारण एक मछली अचानक उछली और उस वक्त एक साल के लड़के के मुंह में चली गई, जब वह जोर-जोर से हंस रहा था। उन्होंने बताया कि लड़के के जिंदा मछली निगलने से घबराए परिजन उसे फौरन शासकीय महाराजा यशवंतराव चिकित्सालय (एमवायएच) लेकर आए। एमवायएच के कान, नाक और गला (ईएनटी) विभाग की अध्यक्ष डॉ. यामिनी गुप्ता ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, जब हमने बच्चे की जांच की, तब करीब तीन इंच लंबी मछली जिंदा थी और उसके गले में फंसने के कारण जोर से फड़फड़ा रही थी। इससे बच्चे के गले में घाव हो गया था और उसकी लार के साथ खून आ रहा था। बच्चे को घबराहट, बेचैनी और सांस लेने में दिक्कत हो रही थी।''

## नीतीश कुमार शुक्रवार को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेंगे



**नयी दिल्ली :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शुक्रवार को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेंगे। उनके राज्यसभा जाने के साथ बिहार में नयी सरकार के गठन का मार्ग प्रशस्त होगा। कुमार बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी पहुंचे और हवाई अड्डे पर जद(यू) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा सहित पार्टी के नेताओं ने उनका स्वागत किया। कुमार ने हवाई अड्डे पर पत्रकारों से कहा, ''मैं यहां शपथ लेने आया हूं।'' उन्हें राज्यसभा सभापति सी पी राधाकृष्णन के कक्ष में उच्च सदन के सदस्य के रूप में शपथ दिलाई जाएगी। कुमार के राज्यसभा सदस्य बनने के साथ ही बिहार में उनका शासनकाल समाप्त हो जाएगा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) 14 अप्रैल को बिहार के नए मुख्यमंत्री का चुनाव कर सकता है। बिहार के मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि नीतीश कुमार राज्यसभा के लिए चुने जाने के बाद शपथ लेंगे और जल्द ही मुख्यमंत्री पद छोड़ देंगे।

## प. एशिया संघर्ष से कोई ठोस निष्कर्ष निकालना अभी बहुत जल्दबाजी होगी: नौसेना प्रमुख

**बेंगलुरु :** नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने पश्चिम एशिया युद्ध को आधुनिक युद्धकला में एक महत्वपूर्ण 'केस स्टडी' बताते हुए कहा कि इस संघर्ष से कोई ठोस निष्कर्ष निकालना अभी बहुत जल्दबाजी होगी। एडमिरल त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बल पश्चिम एशिया संघर्ष में हो रहे घटनाक्रम पर बारीकी से नजर रख रहे हैं ताकि भविष्य के अभियानों के लिए उनसे सबक लिया जा सके। वह यहां 'रण संवाद' मंच को संबोधित कर रहे थे, जिसका विषय था ''समुद्री बलों द्वारा बहु-क्षेत्रीय अभियान (एमडीओ) का विजुअलाइजेशन''। एडमिरल त्रिपाठी ने कहा, ''अभी कोई निश्चित



निष्कर्ष निकालना जल्दबाजी होगी। युद्ध अभी जारी है। हम स्थिति पर नजर रख रहे हैं, देख रहे हैं कि क्या हो रहा है ।'' नौसेना प्रमुख ने इस बात पर जोर दिया कि इस संघर्ष से मिलने वाले सबसे महत्वपूर्ण निष्कर्षों में से एक यह है कि विभिन्न क्षेत्रों में सैन्य संसाधनों की संवेदनशीलता बढ़ गई हैं। उन्होंने कहा, ''आज युद्धक्षेत्र की पारदर्शिता इतनी अधिक है कि दिखाई देने वाली कोई भी चीज, चाहे वह गतिशील हो या स्थिर, स्वाभाविक रूप से असुरक्षित है।'' उन्होंने कहा कि हालांकि सभी प्लेटफॉर्म, चाहे जमीन पर हों, समुद्र में हों या अंतरिक्ष में हों, जोखिम के दायरे में हैं। एडमिरल त्रिपाठी ने कहा कि विमानवाहक पोतों के समूह आज भी समुद्री ताकत का अहम हिस्सा हैं, लेकिन उनकी सुरक्षा इस बात पर निर्भर करती है कि दुश्मन कितना शक्तिशाली है और दोनों पक्षों की ताकत में कितना संतुलन है।

## भोजशाला विवाद : हिंदू पक्ष ने कहा,ड़हमारे मुकदमे का समर्थन करते हैं एएसआई के दस्तावेजड़

**इंदौर :** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय में धार के भोजशाला विवाद को लेकर जनहित याचिका दायर करने वाले हिंदू पक्ष के एक संगठन ने बृहस्पतिवार को दलील पेश की कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की वैज्ञानिक सर्वेक्षण रिपोर्ट और इस निकाय के अन्य दस्तावेज उसके मुकदमे का समर्थन करते हैं। विवादित परिसर का संरक्षण कर रही एएसआई मुकदमे के प्रतिवादियों में शामिल है। याचिका में हिंदू संगठन का दावा है कि 11वीं सदी के इस स्मारक में देवी सरस्वती का मंदिर पहले से विद्यमान था जिसे ढहाये जाने के बाद इसके अवशेषों का मस्जिद निर्माण में फिर इस्तेमाल किया गया। भोजशाला को हिंदू समुदाय वाग्देवी (देवी सरस्वती) का मंदिर मानता है, जबकि मुस्लिम पक्ष इस स्मारक को कमाल मौला मस्जिद बताता है। उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ भोजशाला के धार्मिक स्वरूप के विवाद को लेकर दायर चार याचिकाओं और एक रिट अपील पर छह अप्रैल से नियमित सुनवाई कर रही है। सबसे पहले याचिकाकर्ताओं की दलीलें सुनी जा रही हैं। नियमित सुनवाई के चौथे दिन याचिकाकर्ताओं में शामिल संगठन 'हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस' के वकील विष्णु शंकर जैन ने न्यायमूर्ति विजय कुमार शुक्ला और न्यायमूर्ति आलोक अवस्थी के सामने अपनी दलीलें पूरी कीं। जैन ने कहा कि विवादित परिसर में देवी सरस्वती का मंदिर पहले से मौजूद था जिसे 'मूर्ति पूजा के विरोध की मानसिकता वाले' मुस्लिम शासकों ने ढहा दिया था और वहां मस्जिद बनाने के लिए मंदिर के अवशेषों का फिर से इस्तेमाल किया गया था।

## अर्धसैनिक कर्मियों और पूर्व सैनिकों के परिवारों का दिल्ली में सीएपीएफ विधेयक के खिलाफ प्रदर्शन

**नयी दिल्ली :** सेवारत अर्धसैनिक कर्मियों और पूर्व सैनिकों के परिवारों ने हाल ही में पारित केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) विधेयक के खिलाफ बृहस्पतिवार को दिल्ली के राजघाट पर विरोध प्रदर्शन किया और इसे वापस लेने समेत कुछ अन्य मांगें भी कीं। प्रदर्शन करने वाले इस समूह में अधिकतर महिलाएं शामिल थीं, जिन्होंने सीएपीएफ (सामान्य प्रशासन) विधेयक, 2026 को वापस लिए जाने और इन बलों के कैडर अधिकारियों तथा जवानों को समय पर पदोन्नत किए जाने की मांग की। सीएपीएफ में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ), सशस्त्र




सीमा बल (एसएसबी) और भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) शामिल हैं। इन सभी कर्मियों की मिलाकर संख्या लगभग 10 लाख है। 'अलायंस ऑफ ऑल एक्स-पैरामिलिट्री फोर्सेज वेलफेयर एसोसिएशन' (एएपीडब्ल्यूए) के महासचिव रणबीर सिंह ने कहा, ''राजघाट पर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया गया जिसका उद्देश्य संसद द्वारा पारित सीएपीएफ विधेयक को वापस लेने और उन कैडर अधिकारियों तथा जवानों के लिए न्याय सुनिश्चित करने की मांग करना था, जो 15 से 17 वर्षों से पदोन्नति न मिलने के कारण गतिरोध में फंसे हुए हैं।'' उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त अधिकारियों ने बार-बार इन चिंताओं को उठाया है और अपनी शिकायतों को समझाने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की मांग की है, लेकिन अब तक उन्हें कोई जवाब नहीं मिला है। सिंह ने कहा, ''हम यह भी मांग करते हैं कि सीएपीएफ अधिकारियों को पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) का लाभ दिया जाए और उन्हें सही मायने में संगठित समूह ए सेवा (ओजीएएस) के लाभ प्रदान किए जाएं।''

## मंदिर में वर्ग के आधार पर प्रवेश रोके जाने से हिंदू धर्म बुरी तरह प्रभावित होगा : न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि यदि मंदिरों और मठों में पंथ या धर्म के भीतर वर्गों के आधार पर प्रवेश पर रोक लगाई जाती है, तो इससे हिंदू धर्म पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा और समाज में विभाजन की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। नौ न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने यह टिप्पणी वरिष्ठ अधिवक्ता सी. एस. वैद्यनाथन की दलीलों के जवाब में की। वैद्यनाथन ने संविधान के अनुच्छेद 26(बी) का हवाला देते हुए कहा कि धार्मिक संप्रदायों को अपने धार्मिक मामलों के प्रबंधन का अधिकार है और इस प्रावधान को अनुच्छेद 25(2)(बी) पर वरीयता मिलनी चाहिए। अनुच्छेद 25(2)(बी) सरकार को यह अधिकार देता है कि वह सार्वजनिक हिंदू धार्मिक संस्थानों को सभी वर्गों के लिए खोल सके। वैद्यनाथन केरल के शबरिमला मंदिर में भगवान अयप्पा के भक्तों की ओर से अदालत में पेश हुए। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना ने 'वेंकटरमण देवरू' मामले का उल्लेख करते हुए चिंता जताई कि यदि किसी विशेष वर्ग तक ही मंदिरों में प्रवेश सीमित किया जाता है, तो इसका हिंदू धर्म पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को मंदिरों और मठों में प्रवेश का समान अधिकार मिलना चाहिए। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ में न्यायमूर्ति एम.एम. सुंदरेश, न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह, न्यायमूर्ति अरविंद कुमार, न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह, न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी. वराले, न्यायमूर्ति आर. महादेवन और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची शामिल हैं। पीठ शबरिमला मंदिर से जुड़े विवाद सहित विभिन्न धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के प्रवेश और धार्मिक स्वतंत्रता के दायरे पर भी विचार कर रही है। सुनवाई के दौरान नायर सर्विस सोसाइटी, अयप्पा सेवा समाजम और क्षेत्र संरक्षण समिति की ओर से यह दलील दी गई कि मंदिरों को अपनी परंपराओं के अनुसार नियम तय करने का अधिकार होना चाहिए। हालांकि, अदालत ने संकेत दिया कि परंपरा के नाम पर भेदभाव को उचित नहीं ठहराया जा सकता। अदालत का मानना है कि धर्म की मूल भावना समावेशिता और समानता पर आधारित होनी चाहिए, न कि बहिष्कार पर।

## रॉयल एनफील्ड ने पेश की अपनी पहली इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल



**नयी दिल्ली:** आयशर मोटर्स समूह की दोपहिया कंपनी रॉयल एनफील्ड ने बृहस्पतिवार को अपना पहला इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन 'फ्लाइंग फ्ली सी6' पेश किया। कंपनी ने शेयर बाजार को दी एक सूचना में कहा कि 'फ्लाइंग फ्ली' उसका नया 'सिटी+ इलेक्ट्रिक मोबिलिटी' ब्रांड है। इस इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल की शोरूम कीमत 2.79 लाख रुपये रखी गई है, जबकि बैटरी अलग से लेने के विकल्प के साथ यह 1.99 लाख रुपये में उपलब्ध होगी। रॉयल एनफील्ड के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बी गोविंदराजन ने कहा, 'यह कंपनी के 125वें वर्ष में इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल की दिशा में पहला कदम है, जो इसकी विरासत और नए दौर की शुरुआत को दर्शाता है।' उन्होंने कहा कि कंपनी एक सदी से अधिक समय से बेहतर मोटरसाइकिल अनुभव देने पर केंद्रित रही है और 'फ्लाइंग फ्ली' के साथ वह इसी दर्शन को इलेक्ट्रिक युग में आगे बढ़ा रही है। रॉयल एनफील्ड ने कहा कि इस इलेक्ट्रिक मॉडल की आपूर्ति मई, 2026 के अंत से शुरू होगी।

## फोन फटने से अभ्यर्थी की यूपीएससी परीक्षा छूटी, उपभोक्ता आयोग ने रियलमी पर लगाया जुर्माना

**नयी दिल्ली:** दिल्ली के एक जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने मोबाइल फोन फटने की घटना के बाद रियलमी कंपनी को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे एक अभ्यर्थी को मुआवजा देने का निर्देश दिया है। फोन विस्फोट में अभ्यर्थी के झुलस जाने के कारण वह प्रारंभिक परीक्षा में शामिल नहीं हो सका था। आयोग के अध्यक्ष दिव्य ज्योति जयपुरियार और सदस्य रश्मि बंसल की पीठ ने पीड़ित अभ्यर्थी कोटि साई पवन की शिकायत पर सुनवाई करते हुए कंपनी को कुल 1.5 लाख रुपये का हर्जाना भरने का निर्देश दिया। आयोग ने अपने आदेश में कहा कि ग्राहक को घटिया बैटरी या फोन की आपूर्ति करना कंपनी की गंभीर लापरवाही है, जिससे कोई बड़ी दुर्घटना भी हो सकती थी। शिकायत के मुताबिक, घटना जून, 2022 की है जब पवन के सोते समय उसके पास रखे फोन में अचानक विस्फोट हो गया और उसमें आग लग गई। इस घटना में पवन का हाथ और माथा झुलस गया, जिसके कारण उसे तुरंत अस्पताल में भर्ती होना पड़ा और वह अगले दिन होने वाली अपनी महत्वपूर्ण परीक्षा नहीं दे पाया। आयोग ने पाया कि कंपनी ने अपने बचाव में कोई ठोस साक्ष्य पेश नहीं किए, जबकि अस्पताल की रिपोर्ट और जले हुए फोन की तस्वीरों से अभ्यर्थी के आरोपों की पुष्टि हुई। आयोग ने कंपनी को आदेश दिया कि वह पीड़ित को शारीरिक व मानसिक पीड़ा के लिए एक लाख रुपये, नुकसान की भरपाई के लिए 25 हजार रुपये और मुकदमेबाजी के खर्च के तौर पर 25 हजार रुपये का भुगतान करे। कंपनी को यह पूरी राशि एक अक्टूबर, 2022 से छह प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ 30 दिन के भीतर चुकानी होगी।

# विश्व बैंक ने 2026-27 में भारत की वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर किया 6.6 प्रतिशत

### पश्चिम एशिया संघर्ष से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए भारत के पास पर्याप्त संसाधन

**नयी दिल्ली:** विश्व बैंक ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान मामूली बढ़ाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया है। साथ ही उसने कहा कि पश्चिम एशिया संकट से उत्पन्न चुनौतियां वृद्धि पर असर डाल सकती हैं। हालांकि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में कटौती से शुरुआती महीनों में उपभोक्ता मांग को सहारा मिलेगा। भारत मौजूदा वैश्विक ऊर्जा संकट का सामना करने के लिए अच्छी स्थिति में है, क्योंकि उसके पास पर्याप्त सुरक्षा उपाय हैं जिनमें उच्च विदेशी मुद्रा भंडार, राजकोषीय गुंजाइश और कम मुद्रास्फीति शामिल हैं। ये सभी चीजें वैश्विक चुनौतियों के बावजूद वृद्धि को समर्थन देंगी। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने देश की आर्थिक वृद्धि के 6.9 प्रतिशत, आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (ओईसीडी) ने 6.1 प्रतिशत और मूडीज रेटिंग्स ने छह प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। विश्व बैंक ने बुधवार को जारी अपनी




'दक्षिण एशिया आर्थिक अद्यतन रिपोर्ट' में कहा कि भारत की वृद्धि दर वित्त वर्ष 2024-25 के 7.1 प्रतिशत से बढ़कर 2025-26 में 7.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है। इसका मुख्य कारण मजबूत घरेलू मांग और निर्यात की मजबूती है। रिपोर्ट के अनुसार, निजी उपभोग में वृद्धि विशेष रूप से मजबूत रही जिसे कम मुद्रास्फीति एवं माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के युक्तिकरण से समर्थन मिला। विश्व बैंक ने कहा,' वृद्धि दर के 2026-27 में घटकर 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है जो पश्चिम एशिया संघर्ष से उत्पन्न प्रतिकूल परिस्थितियों को दर्शाता है।' रिपोर्ट के अनुसार जीएसटी दरों में कटौती से वित्त वर्ष 2026-27 की पहली छमाही में उपभोक्ता मांग को सहारा मिलेगा, लेकिन ऊंची वैश्विक ऊर्जा कीमतें महंगाई बढ़ा सकती हैं और परिवारों की उपलब्ध आय पर दबाव डाल सकती हैं। इसके अलावा रसोई गैस एवं उर्वरक पर अधिक सब्सिडी खर्च के कारण सरकारी खपत वृद्धि में नरमी आने की उम्मीद है। बढ़ती अनिश्चितता तथा कच्चे माल की लागत में वृद्धि के कारण निवेश वृद्धि भी धीमी पड़ सकती है। विश्व बैंक ने कहा कि अमेरिका और यूरोपीय संघ के बाजारों तक भारत की निर्यात पहुंच में सुधार का लाभ मुख्य व्यापारिक साझेदार देशों में धीमी वृद्धि से कुछ हद तक प्रभावित हो सकता है। विश्व बैंक ने जनवरी में जारी 'ग्लोबल इकोनॉमिक प्रॉस्पेक्ट्स रिपोर्ट' में भारत की वृद्धि दर 2026-27 में 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। रिपोर्ट में कहा गया कि पश्चिम एशिया संकट का असर अत्यधिक अनिश्चित है और अन्य आकलनकर्ताओं ने 2026-27 के लिए वृद्धि अनुमान 5.9 प्रतिशत से 6.7 प्रतिशत के बीच कर दिए हैं।

### आरबीआई ने बैंकों से विदेशी भुगतान प्रक्रिया में तेजी लाने को कहा

**मुंबई:** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बृहस्पतिवार को बैंकों से कहा कि वे सीमा पार से आने वाले भुगतान की प्रक्रिया को दुरुस्त ताकि ग्राहकों को शीघ्र सूचना मिल सके और लाभार्थियों को समय पर रकम प्राप्त हो सके। केंद्रीय बैंक की एक अधिसूचना के अनुसार, बैंकों के लिए यह अनिवार्य कर दिया गया है कि भुगतान प्राप्त होने के तुरंत बाद ग्राहकों को सूचित किया जाए। विदेशी मुद्रा बाजार के समय के बाद भुगतान होने की स्थिति में, बैंकों को अगले दिन ग्राहक को सूचित करना होगा। अधिसूचना के अनुसार, नोस्ट्रो खातों का मिलान एक घंटे से अधिक समय में नहीं करने का भी निर्देश दिया गया है।

## युद्धविराम को लेकर अनिश्चितता से बीएसई सेंसेक्स 931 अंक लुढ़का, निफ्टी भी नुकसान में

**मुंबई:** भारी बिकवाली से स्थानीय शेयर बाजारों में पांच दिन से जारी तेजी बृहस्पतिवार को थम गयी और बीएसई सेंसेक्स 931 अंक लुढ़क गया जबकि एनएसई निफ्टी 222 अंक के नुकसान में रहा। पश्चिम एशिया में युद्धविराम को लेकर अनिश्चितता के बीच वित्तीय, बैंक और आईटी शेयरों में बिकवाली से बाजार नुकसान में रहा। एशिया और यूरोप के अन्य बाजारों में कमजोर रुख, कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और विदेशी संस्थागत निवेशकों की निरंतर निकासी ने भी घरेलू बाजार में निवेशकों की चिंता बढ़ा दी है। बाजार में तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 931.25 अंक यानी 1.20 प्रतिशत टूटकर 76,631.65 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक



समय यह 1,215 अंक की गिरावट के साथ 76,347.90 अंक पर आ गया था। एनएसई निफ्टी 222.25 अंक यानी 0.93 प्रतिशत टूटकर 23,775.10 अंक पर बंद हुआ। लेबनान पर इजराइल के हमलों के जवाब में ईरान के होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से बंद करने के बाद युद्धविराम समझौते को लेकर अनिश्चितता बढ़ गयी है। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''युद्धविराम से जो उम्मीद बंधी थी, वह अब फीकी पड़ गयी है क्योंकि अमेरिका-ईरान तनाव के फिर से बढ़ने और होर्मुज जलडमरूमध्य पर जारी प्रतिबंधों के कारण कच्चे तेल की कीमत फिर से बढ़ गई। इससे भारत में मुद्रास्फीति को लेकर चिंता भी बढ़ गई है।' उन्होंने कहा, 'घरेलू स्तर पर, मुनाफावसूली, 10-वर्षीय बॉन्ड प्रतिफल में वृद्धि और रुपये की विनिमय दर में गिरावट ने अल्पकालिक जोखिम लेने की प्रवृत्ति को कम कर दिया। पिछले सत्र की जोरदार तेजी के बाद वित्तीय क्षेत्र में गिरावट देखी गई। इसका कारण विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की निरंतर बिकवाली है।'

## न्यूज अपडेट

### चांदी 7,800 रुपये टूटी, सोना 1,500 रुपये कमजोर

**नयी दिल्ली:** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को चांदी की कीमत 7,800 रुपये घटकर 2.43 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गई, जबकि सोना 1.54 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। ऐसा पश्चिम एशिया में युद्धविराम के टिकने को लेकर चिंताओं के बीच निवेशकों द्वारा की गई मुनाफावसूली के कारण हुआ। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी बुधवार के 2,51,000 रुपये प्रति किलोग्राम के बंद स्तर से 7,800 रुपये या 3.10 प्रतिशत घटकर 2,43,200 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रह गई। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 1,500 रुपये या करीब एक प्रतिशत घटकर 1,54,900 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रह गया। पिछले बाजार सत्र में सोने की कीमत 1,56,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

### ईंधन घाटे की भरपाई के लिए सरकार ने लगायी रिफाइनरी मार्जिन की सीमा

**नयी दिल्ली:** ईंधन निर्यात पर अप्रत्याशित लाभ कर लगाने के बाद, भारत ने घरेलू ईंधन बिक्री में नुकसान की भरपाई के लिए रिफाइनरी मार्जिन पर सीमा तय की है। सूत्रों ने यह जानकारी दी है। पश्चिम एशिया में युद्ध के दो दीर्घकालिक प्रभाव हुए हैं। पहला, अंतरराष्ट्रीय तेल की कीमतों में तेजी के कारण पेट्रोल और डीजल की बिक्री में रिकॉर्ड नुकसान हुआ है क्योंकि खुदरा कीमतों में उसी अनुपात में बदलाव नहीं हुआ है। दूसरा, इससे रिफाइनरियों का मार्जिन काफी बढ़ गया है, जो खुदरा कीमतों में कोई बदलाव न होने के बावजूद अपने उत्पादों की कीमत आयातित लागत पर तय करती हैं। सरकार ने पिछले महीने डीजल और विमान ईंधन (एटीएफ) के निर्यात पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) लगाया था, ताकि रिफाइनरी के अप्रत्याशित लाभ पर अंकुश लगाया जा सके और वैश्विक बाजारों में कमी के बीच घरेलू ईंधन की उपलब्धता को बढ़ाया जा सके।

### संजय खन्ना ने बीपीसीएल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक का पदभार संभाला

**कोलकाता** : भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने बृहस्पतिवार को कहा कि ऊर्जा क्षेत्र के अनुभवी अधिकारी संजय खन्ना को कंपनी का चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) नियुक्त किया गया है। खन्ना पूर्व सीएमडी जी. कृष्णकुमार के 30 अप्रैल, 2025 को सेवानिवृत्त होने के बाद से ही अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे थे। वह कंपनी में निदेशक (रिफाइनरी) के पद पर कार्यरत थे। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ने शेयर बाजार को जानकारी दी कि पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय से इस नियुक्ति की सूचना मिलने के बाद खन्ना ने नौ अप्रैल को पदभार संभाल लिया। उनका कार्यकाल 31 मई, 2029 तक या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, रहेगा। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी), तिरुचिरापल्ली से रसायन अभियांत्रिकी में स्नातक खन्ना ने मुंबई विश्वविद्यालय से वित्त प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिग्री भी हासिल की है। उन्होंने कंपनी में कोच्चि एवं मुंबई रिफाइनरी के प्रमुख सहित कई अहम पदों पर काम किया है और फरवरी, 2022 से निदेशक (रिफाइनरी) थे। खन्ना पेट्रोनेट एलएनजी और अन्य कंपनियों के निदेशक मंडल में भी शामिल हैं।

### मजबूत वैश्विक संकेतों से कच्चे तेल वायदा कीमत 411 रुपये बढ़कर 9,272 रुपये प्रति बैरल हुआ

**नयी दिल्ली:** मजबूत वैश्विक संकेतों और हालिया तेज गिरावट के बाद ताजा लिवाली के कारण बृहस्पतिवार को वायदा कारोबार में कच्चे तेल की कीमत 411 रुपये बढ़कर 9,272 रुपये प्रति बैरल हो गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में कच्चे तेल का अप्रैल माह में डिलिवरी होने वाला अनुबंध 411 रुपये या 4.64 प्रतिशत की तेजी के साथ 9,272 रुपये प्रति बैरल हो गया। इसमें 8,601 लॉट के लिए कारोबार हुआ।




वर्ष 11, पूर्णांक 3558 अंक 024 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित। सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in